हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 28.05.2024 ● वर्ष : 14 ● अंक : 304 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

पोड़ैयाहाट में कल्पना सोरेन ने प्रदीप यादव के पक्ष में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

## झारखंड में बीजेपी नहीं, आदिवासी, दलित और पिछड़ों का इंडी गठबंधन चलेगा : कल्पना



प्रदीप यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करतीं कल्पना सोरेन व मंच पर मौजूद इंडी गठबंधन के नेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** गोड्डा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पोड़ैयाहाट प्रखंड के सुग्गाबथान स्थित सिद्धू कान्हो मैदान में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

मैदान में स्थापित सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कल्पना सोरेन ने आज के समय को निर्णायक बताते हुए कहा कि आपको यह तय करना होगा कि तिलका मांझी सिदो-कान्हू की राह पर हमें चलना है या फिर हमें अपने झारखंड को पूंजीपतियों के हाथ में बर्बाद कर देना है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब तिलका मांझी और सिद्धू कान्हू ने अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई छेड़ी थी और मामूली तीर-धनुष से उन्होंने यह बड़ी लड़ाई जीती थी।

कल्पना ने कहा कि दिसोम गुरु शिबू सोरेन ने भी यहां पर महाजनों के विरुद्ध में लड़ाई छेड़ी थी और उन्हें भी विजय प्राप्त हुआ था। आज फिर यहां के सामंतवादी पूंजीपति एक बार झारखंड पर कब्जा करना चाहते हैं। यही कारण है कि वह हेमंत सोरेन को जेल भेज दिए हैं ताकि गरीबों की आदिवासियों की झारखंडियों की आवाज को दबाया जा सके। इसलिए फैसला आपको लेना है और इस बार इस निर्णायक लड़ाई में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से आईएनडीआईए के प्रत्याशी प्रदीप यादव को भारी मतों से जीता कर झारखंड के अस्तित्व की रक्षा करें। प्रदीप यादव को वोट देंगे तो हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकलेगा और यहां की लड़ाई दिल्ली में फतेह की जाएगी।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने कहा कि यह चुनाव गरीबों एवं उद्योगपतियों के बीच की लड़ाई है, जिसका निर्णय आम व गरीब लोगों की मत से होना है। उन्होंने भाजपा के प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी निशिकांत दुबे पर हमला बोलते हुए कहा उनके विकास के ढिंढोरा को दिखावा बताया। साथ ही कहा कि वह गरीब, पिछड़े दलित आदिवासियों की तो बात छोड़ दें। प्रदीप ने कहा कि 15 वर्षों में किसी सवर्ण गरीब के घर में यदि निशिकांत ने एक गिलास पानी पिया हो तो वह फोटो वह दिखाएं तो हम समझ जाएंगे कि उनके मन में क्षेत्र की गरीब जनता के प्रति प्यार है। जनसभा को अजीत महात्मा, प्राचार्य प्रेमनंदन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर हांसदा और बीस सूत्री अध्यक्ष अजय शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

राजनाथ सिंह ने फोन से किया ताला मरांडी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित

## झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ बढ़ने से मूलवासियों की हो रही हक मारी : रक्षा मंत्री

- खराब मौसम के कारण झारखंड के साहिबगंज में नहीं उतरा राजनाथ का हेलीकॉप्टर।



जनसभा के मंच पर मौजूद एनडीए के नेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजमहल लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में श्रीधर दियारा मैदान में आयोजित सभा को संबोधित किया। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में राज्य में कुल तीन सीटों पर मतदान होना है। सोमवार को यहां राजनाथ का दौरा प्रस्तावित था, लेकिन खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर नहीं उतर सका। तब उन्होंने फोन से ही जनता को संबोधित किया। कहा श्रीधर दियारा की जनता जब ताला मरांडी को जीत दिला कर नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे के सपने को पूरा करेंगे तो वो फिर आकर यहां की जनता का धन्यवाद करेंगे। आज झारखंड की स्थिति दयनीय हो गयी है। यहां के मुख्यमंत्री और नेता जेल में बंद हैं क्योंकि उन्होंने राज्य की संपत्ति को लूटने का काम किया है। झारखंड में बंगलादेशी घुसपैठ भी बढ़ गया है, जिसके कारण भारत के मूलवासियों को मिलने वाली योजनाओ का लाभ बंट जा रहा।

### पूरे विश्व में हिंदुओं के लिए एकमात्र देश है भारत : बाउरी

भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने कहा कि झारखंड सहित देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के कार्य में लग गई है। श्रीधर दियारा की जनता जो पहले पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिक थे, वहां से प्रताड़ित होकर अपने देश वापस आए हैं। पड़ोसी देशों में हिंदुओं की संख्या 22 प्रतिशत थी वहीं अब घट कर मात्र 2 प्रतिशत हो गई। आज हमारे सनातन धर्म की धरोहर इन देशों में लुप्त हो गई है। पूरे विश्व में हिंदुओं के लिए मात्र एक देश भारत ही है जहां वे सब शरण ले सकते हैं। ऐसे में पीएम मोदी ने नागरिकता संशोधन कानून लाकर दूसरे देशों में बसे और प्रताड़ित हो रहे हिंदुओं को वापस भारत में नागरिकता देने का काम किया है।

### गठबंधन सरकार ने झारखंड के खनिज बेच भरी अपनी तिजोरी

बाउरी ने कहा कि संथाल परगना में बंगलादेशी घुसपैठिया हमारी बहू-बेटियों, बहनों पर अत्याचार कर रहे हैं। रुबिका पहाड़िया को एक बांग्लादेशी मुस्लिम युवक ने टुकड़ों में काट दिया। झारखंड सरकार ऐसे घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद है। उनके घरों से करोड़ों रुपए बरामद किए गए। कांग्रेस राजद और झामुमो की गठबंधन वाली सरकार झारखंड के खनिज संपदा को लूटने का काम कर रही है। इन्होंने पहाड़ जंगलों खनिजों को बेचकर अपनी तिजोरी भारी है।

### एक नजर

#### प्रधानमंत्री मोदी आज दुमका में

**रांची :** झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में संताल परगना की तीन सीटों पर चुनाव होना है। गोड्डा, दुमका और राजमहल में एक जून को मतदान है। पार्टियों ने अब संताल परगना में जोर लगाया है। एनडीए और इंडी गठबंधन के बड़े नेता व स्टार प्रचारक संताल परगना पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को दुमका आ रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। एयरपोर्ट मैदान में विजय संकल्प रैली होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी झारखंड में छह चुनावी सभा कर चुके हैं। गोड्डा से तीन चुनावों से लगातार भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे जीत रहे हैं। इस बार भी निशिकांत दुबे मैदान में हैं। राजमहल सीट पर इस बार भाजपा ने ताला मरांडी उम्मीदवार को बनाया है। कांग्रेस नेता और स्टार प्रचारक राहुल गांधी 30 मई को दुमका पहुंचेंगे। इससे पहले राहुल गांधी झारखंड के चाईबासा और गुमला के बसिया में जनसभा कर चुके हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 29 मई को देवघर में तीन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।


#### हेमंत सोरेन की जमानत पर हाई कोर्ट में सुनवाई आज

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में लैंड स्कैम केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाई है। उन्होंने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में नियमित जमानत याचिका दाखिल की है। साथ ही जल्द सुनवाई का आग्रह भी किया है। हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने मेंशन मेमो के माध्यम से हाई कोर्ट से यह आग्रह किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया है। हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट 28 मई को सुनवाई करेगा। उनकी याचिका हाई कोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सूचीबद्ध हुई है।

## जमानत सात दिन और बढ़ाने के लिए केजरीवाल ने एससी में डाली अर्जी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में जमानत पर चल रहे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है। केजरीवाल ने कोर्ट से अपील की है कि उनकी अंतरिम जमानत 7 दिन और बढ़ा दी जाए। उन्होंने मेडिकल कंडिशन को आधार बनाकर ये मांग की है। बता दें कि केजरीवाल की 21 दिन की जमानत की अवधि 1 जून में समाप्त हो रही है। उन्हें ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद



केजरीवाल का वजन 7 किलो कम हो गया है और उनका कीटोन लेवल हाई है जो किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। केजरीवाल को अभी PET-CT स्कैन के साथ ही कई दूसरे तरह के टेस्ट से गुजरना है, इसलिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से 7 दिन का समय मांगा है।

### शर्तों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने दी थी बेल

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ केजरीवाल को बेल दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जमानत के दौरान केजरीवाल न तो सीएम ऑफिस जाएंगे और ना ही किसी तरह के कागजात पर साइन करेंगे। इसके साथ ही उन्हें शराब नीति से जुड़े किसी भी लोग से बातचीत नहीं करेंगे। इसके साथ ही कोर्ट ने उन्हें दो जून को हर हाल में कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया था।

## आलमगीर आलम की रिमांड अवधि तीन दिन और बढ़ी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। ईडी के आग्रह पर कोर्ट ने एक बार फिर पूछताछ के लिए तीन दिनों के रिमांड की मंजूरी दे दी। इससे पूर्व ईडी आलमगीर को दो बार 11 दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है।

ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत से आलमगीर आलम को फिर से पांच दिनों की रिमांड पर लेकर



पूछताछ करने की अनुमति मांगी। इसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। ईडी की ओर से कहा गया कि आलमगीर आलम जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके बाद अदालत ने ईडी को फिर से पूछताछ के लिए तीन दिनों के रिमांड की मंजूरी दी। इससे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को मेडिकल जांच के बाद ईडी के अधिकारी कोर्ट लेकर पहुंचे थे।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे।

इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। फिर ईडी ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। इसके बाद बरामद पैसों के संबंध में ईडी ने आलमगीर आलम से दो दिन कर पूछताछ की थी। ईडी ने 14 मई को नौ घंटे और 15 मई को छह घंटे तक पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

## रेमल चक्रवात से बंगाल में चार लोगों की मौत, जनजीवन प्रभावित

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल के भारी तबाही मचाने के बाद भारी बारिश होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। तूफान के कारण कोलकाता के कुछ हिस्सों में पानी भर गया। इसके अलावा राज्य में सैकड़ों पेड़ उखड़ गये और बिजली के खंभे गिर गये, जिससे महानगर में जनजीवन प्रभावित हुआ है।

कोलकाता पुलिस ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, चक्रवात रेमल से शहर के कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हुये हैं। हमारे आपदा प्रबंधन समूह के कर्मी और विभिन्न पुलिस थानों के कर्मी यातायात को सुचारु रूप से चालू रखने के लिये तूफान में गिरे कई पेड़ों को हटाने के लिये पूरी रात प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मध्य कोलकाता में एक घर की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दक्षिण 24 परगना के मौसुनी द्वीप में एक महिला पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गयी और पूर्व बर्धमान के मेमारी में एक पिता-पुत्र की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गयी।

आधिकरिक सूत्रों ने कहा कि अपने



आंगन में केले के उखड़े हुये पेड़ों की सफाई करते समय बिजली का तार गिरने से पिता-पुत्र दोनों की करंट लगने से मौत हो गयी। कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने तूफान आने पर रात के दौरान केएमसी नियंत्रण कक्ष संभाला। उन्होंने कहा कि शहर के कई स्थानों पर पानी पंपों का उपयोग करके पानी निकालने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन पेड़ों को दोबारा लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूरी तरह से उखड़े नहीं हैं और उन्होंने कहा कि दक्षिण कोलकाता में हरे-भरे रवीन्द्र सरोबोर में दोबारा पेड़ लगाने के लिये इसे जनता के लिये बंद कर दिया जायेगा।

श्री हकीम ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोगों को प्लास्टिक के उपयोग के बुरे प्रभाव के बारे में पता नहीं है क्योंकि उन चीजों के लिये मैनहोल जाम होने के कारण पार्क स्ट्रीट में जलभराव हो जाता है। उन्होंने बताया कि बालीगंज सर्कुलर रोड में रिकॉर्ड 264 मिमी बारिश दर्ज की गयी है। मेयर ने कहा, बारिश रुकने और समुद्र में उठे ज्वार के समाप्त होने पर हमें सड़कों पर भरे पानी को निकालने के लिये पांच घंटे चाहिये। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहर के उत्तर से दक्षिण तक जलभराव देखा गया, जहां पेड़ गिरने से यातायात भी प्रभावित हुआ। एस्प्लेनेड और पार्क स्ट्रीट भूमिगत स्टेशन के बीच भरे पानी निकालने के बाद आज अपराह्न 12 बजकर पांच मिनट पर मेट्रो रेल सेवायें पूरी तरह फिर से शुरू हो गयीं।

कोलकाता हवाई अड्डे के मुताबिक, रेमल तूफान के मद्देनजर कल उड़ान संचालन बंद किये जाने के बाद कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज सुबह आठ बजकर 59 मिनट पर फिर से उड़ान संचालन शुरू हुआ। मौसम विभाग के ताजा बुलेटिन में कहा गया है, तटीय बंगलादेश और पश्चिम बंगाल के आसपास के तटीय इलाके पर गंभीर चक्रवाती तूफान रेमल 27 मई को सुबह साढ़े पांच बजे कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से लगभग 70 किमी उत्तर पूर्व और मोंगला (बंगलादेश) से 30 किमी पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में बदल गया। तूफान के धीरे-धीरे और कमजोर पड़ने के आसार हैं। बंगाल के तटीय जिलों और कोलकाता शहर में तूफान और बारिश जारी है।

### झारखंड में आज से दो जून तक बारिश की संभावना

**रांची :** बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात का असर सोमवार को राज्य में कम ही देखने को मिला लेकिन रांची में 28 मई से दो जून तक बारिश की संभावना है। बारिश होने से राज्य के कई जिलों में गर्मी से राहत मिलेगी। साथ ही 28 से 30 मई तक राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में आंधी के साथ वज्रपात की भी संभावना है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा। इसको लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। राज्य के पूर्वी भागों में 31 मई को कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका प्रभाव साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका जिलों में देखने को मिलेगा। एक और दो जून को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन से चार दिनों में धीरे-धीरे तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि राज्य के उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में 28 मई को कहीं-कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने और वज्रपात की संभावना है। हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा।

## बिहार के पालीगंज में जनसभा के दौरान धंसा राहुल गांधी का मंच



एजेंसी

**पटना :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना के बख्तियारपुर और पालीगंज में सोमवार को जनसभाओं को संबोधित कया। पाटलिपुत्रा लोकसभा क्षेत्र के पालीगंज में राहुल गांधी जैसे ही मंच पर पहुंचे मंच का एक हिस्सा धंस गया। इस दौरान पाटलिपुत्रा से आईएनडीआई गठबंधन से राजद की उम्मीदवार मीसा भारती ने राहुल गांधी का हाथ पकड़कर उन्हें संभाला। राहुल गांधी ने कहा कि मैं ठीक हूं और मुस्कुराते हुए जनसभा की शुरूआत कर लोगों का अभिवादन किया।

राहुल ने पालीगंज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक इंटरव्यू में मोदी जी ने कहा था कि बड़े-बड़े फैसले मैं नहीं लेता परमात्मा लेते हैं। ये ऐसा ईडी से बचने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर ईडी उनसे अडाणी पर सवाल करेगी। प्रधानमंत्री को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी आप लंबे-लंबे भाषण देना बंद कीजिए और देश को बांटने की कोशिश मत करिए।

इससे पहले राहुल गांधी ने बख्तियारपुर में कांग्रेस उम्मीदवार अंशुल के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए इस बात की गारंटी दी कि नरेन्द्र मोदी इस बार प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने दस साल में कुछ नहीं किया। साथ ही कहा कि पीएम कुछ भी कहें लेकिन चार जून के बाद आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ये चुनाव संविधान का चुनाव है। भाजपा वालों ने कहा है कि हम इस संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे।

## एक नजर

### बैंक से पैसा निकालकर घर जा रहे व्यक्ति से डेढ़ लाख की छिनतई

रांची : नामकुम थाना क्षेत्र के सदाबहार चौक स्थित बैंक ऑफ इंडिया से पैसा लेकर निकले एक व्यक्ति से बाइक सवार अपराधियों ने सोमवार को झपट्टा मार कर डेढ़ लाख रुपए छीनकर फरार हो गये। इस संबंध में प्लांडू निवासी जॉन लकड़ा ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। घटना की सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद में बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### ईडी आज आईएएस मनीष रंजन से टेंडर घोटाला मामले में करेगी पूछताछ

रांची : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आईएएस मनीष रंजन से 28 मई को पूछताछ करेगी। ईडी ने मनीष रंजन को 25 मई को समन भेजकर 28 मई को पूछताछ के लिए ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है। सोमवार को सूत्रों ने बताया कि मंत्री आलमगीर आलम और आईएएस मनीष रंजन को आमने-सामने बैठाकर ईडी पूछताछ करेगी। बताया जा रहा है कि मंत्री आलमगीर आलम उनके ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर से हुई अब तक की पूछताछ में मनीष रंजन की संलिप्तता सामने आयी है। इसी मामले को लेकर ईडी की ओर से मनीष रंजन को फिर से दूसरा समन किया गया है। मनीष रंजन वर्तमान में भू राजस्व विभाग के सचिव हैं। इससे पहले वह ग्रामीण विकास विभाग के सेक्रेटरी के पद पर पदस्थापित रह चुके हैं। इससे पूर्व मनीष रंजन को ईडी ने 22 मई को समन कर 24 मई को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया था। लेकिन मनीष रंजन ने पत्र भेजकर समय की मांग की थी।

### महाराजा अग्रसेन भवन में आज से बच्चों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप होगा शुरू

रांची : महाराजा अग्रसेन भवन में 28 से 30 मई तक बच्चों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, सचिव मनोज चौधरी एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी। समर कैंप का उद्घाटन आज मंगलवार को सुबह 8 बजे अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष सह रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले 21 वर्षों से अग्रवाल सभा बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन करती चली आ रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि समर कैंप में अपने बच्चों को जरूर भेजें। यहां बच्चों को सुसंस्कृत वातावरण में विभिन्न कलाओं से परिचित कराया जायेगा।

### इमरजेंसी मेडिकल फैसिलिटी को लेकर जागरूक करना आवश्यक : डॉ शुभम

रांची : आज के दिन विश्वभर में इमरजेंसी मेडिसन डे मनाया जाता है। यह हर साल 27 मई को मनाया जाता है। इमरजेंसी फिजिशियन डॉ शुभम शेखर ने बताया कि इमरजेंसी मेडिसन डे को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर के नागरिकों, रोगियों, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों और संस्थानों को इमरजेंसी मेडिकल फैसिलिटी के बारे में सोचने और बात करने के लिए प्रेरित करना है। मरीजों का इमरजेंसी में सही इलाज हो सके। इलाज के दौरान मरने वाले मरीजों की संख्या को कम किया जा सके।

# एक्स्ट्रीम बार में डीजे चलाने वाले कर्मी की गोली मारकर हत्या, अपराधी गया से गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में रविवार रात डीजे संदीप की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ विक्की सिंह को बिहार के गया जिले के अलीपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि रविवार की रात चुटिया थाना क्षेत्र में एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार में खाने- पीने के दौरान बार के बाउंसर और कुछ व्यक्तियों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। मारपीट की घटना की सूचना चुटिया थाना को मिलने पर थाना के पदाधिकारी बार में पहुंचे। पुलिस के आने से पहले एक व्यक्ति के अलावे अन्य



सभी लोग वहां से चले गये थे। पुलिस उस एक व्यक्ति को चुटिया थाना ले गयी।

इसके बाद रविवार देर रात 01.18 बजे बार के डीजे संदीप उर्फ सैंडी बार के बाहर स्थित लिफ्ट के सामने खड़े थे, उस वक्त लिफ्ट से एक हथियार बंद व्यक्ति दूसरे तल पर स्थित बार में आया और लिफ्ट के सामने खड़े डीजे सैंडी, जो टैक्सी के इंतजार में खड़ा था, को आते ही गोली मार दिया। गोली मारने के बाद आरोपित सीढ़ी से नीचे उतरा। फिर बार के शीशे पर नीचे से गोली चलायी। जब पुलिस की गश्ती दल गोली की आवाज सुनकर पहुंचा तो आरोपित घटना स्थल से भाग गया। पुलिस टीम गोलीबारी में घायल डीजे को ईलाज के लिए रिम्से ले गयी जहां इलाज के क्रम में डीजे संदीप प्रमाणिक उर्फ सैंडी की मौत हो गयी। वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला था। एसएसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में यह पाया गया कि अभिषेक सिंह उर्फ विक्की, शमीरउद्दीन, आयाम अनवर, प्रतीक, मृत्युंजय यादव उर्फ मिथुन, प्रकाश एवं प्रकाश के दोस्त एवं बार के बाउंसरों के बीच मारपीट हुई थी। घटना के करीब दो से ढाई घंटे बाद उन्हीं में से एक व्यक्ति जिसकी पहचान अभिषेक सिंह उर्फ विक्की के रूप में की गई है। वह बार में आकर डीजे सैंडी को गोली मार दी। तलाशी के दौरान इसके नाम से असम राज्य से निर्गत दो हथियारों की अनुज्ञप्ति प्राप्त हुई है। उक्त शस्त्र अनुज्ञप्ति के संबंध में उपायुक्त के शस्त्र शाखा से इसकी विवरणी की मिलान किया, मिलान के क्रम में उक्त अनुज्ञप्ति से संबंधित कोई भी प्रविष्टि वहां प्राप्त नहीं हुई है। प्रथम द्रष्टया दोनों अनुज्ञप्ति फर्जी प्रतीत होते हैं। बार एवं कार की एफएसएल से जांच करायी गयी है। बाउंसर के साथ मारपीट में शामिल अभिषेक सिंह उर्फ विक्की के अन्य साथियों में से तीन रामगढ़ निवासी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मैनेजर प्रतीक, एदलहातु निवासी मो समीरूद्दीन को रांची से और रांची के होटवार निवासी मृत्युंजय कुमार यादव से पूछताछ की जा रही है।

## विस अध्यक्ष के खिलाफ बीजेपी ने चुनाव आयोग में दर्ज कराई शिकायत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : बीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंच कर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष जिस प्रकार अपने पद का दुरूपयोग कर रहे हैं, वह गलत है। कहा, भाषण में अध्यक्ष ने कहा है की 'जेल का फाटक टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा, जेल का फाटक तब टूटेगा जब नलिन सोरेन जीतेगा'। आरोप लगाया कि यह नारा नहीं है बल्कि न्यायपालिका पर हमला है। सुधीर श्रीवास्तव ने आगे कहा है, हेमंत सोरेन न्यायपालिका के आदेश पर जेल मे हैं और जेल का फाटक तोड़ने का आह्वान विधानसभा अध्यक्ष कर रहे हैं जो खुद संवैधानिक पद पर हैं। साथ ही उनका कोर्ट भी लगता है। विधानसभा अध्यक्ष युवाओं को उकसाने का काम कर रहे हैं। जेल का ताला तोड़ने के लिए, जब जन प्रतिनिधि आह्वान करता है तो वह युवाओं और जनता को उकसाने का काम होता है।

### विधानसभा अध्यक्ष किसी पार्टी के सदस्य नहीं होते

कहा, विधानसभा अध्यक्ष किसी पार्टी के सदस्य नहीं होते। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो फिर क्यों प्रचार कर रहे हैं। पूर्व में इनके खिलाफ बीजेपी ने शिकायत दर्ज कराई थी पर आजतक कोई करवाई नहीं हुई। प्रतिनिधिमंडल में सुधीर श्रीवास्तव के साथ शिव कुमार शर्मा, मनोज दुबे शामिल थे।

## तीन दिवसीय माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम आज से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 28 मई को राज्यभर में माहवारी स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ आर. एन. शर्मा ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को इस संबंध में पत्र लिखकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्देश जारी किया है।




पत्र में लिखा है कि विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी के कारण 28 मई से 30 मई तक प्रत्येक स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सभी युवा मैत्री केन्द्र, एडोलसेंट फ्रेंडली क्लब, ऑउटरीच सेशन में यह कार्यक्रम किया जाना है, जहां आईईसी गतिविधियों यथा पंपलेट, पोस्टर, बैनर के माध्यम से माहवारी स्वच्छता के विषय जानकारी दी जाएगी।ऑउटरीच सेशन के दौरान ब्लॉक ट्रेनिंग टीम (बीटीटी) द्वारा किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जाएगा। एडोलसेंट फ्रेंडली क्लब में एएनएम, ब्लॉक ट्रेनिंग टीम (बीटीटी), पियर एजुकेटर, अर्श काउन्सलर द्वारा निबंध, चित्रांकन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

अर्श काउन्सलर एवं एएनएम द्वारा एडोलसेंट फ्रेंडली क्लब, युवा मैत्री केन्द्र, ऑउटरीच सेशन के माध्यम से माहवारी स्वच्छता से संबंधित समूह परामर्श दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य आईईसी नोडल पदाधिकारी, डॉ लाल मांझी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसकी शुरूआत वर्ष 2014 में जर्मन एनजीओ वॉश यूनाइटेड द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य युवतियों और महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता का ख्याल रखने के प्रति जागरूक करना है।

## राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 15 को




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 15 जून निर्धारित की है। मामले में पूर्व में दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई थी। ईडी ने इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है। ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है।

यह मामला बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़े से जुड़ा है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। मामले में 30 मार्च को ईडी ने हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। चार्जशीट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल के निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक्ट बिनोद सिंह और हिलिरियस कच्छप के नाम शामिल हैं। चार्जशीट दाखिल होने के कुछ दिन बाद ही मामले के एक आरोपित हिलेरियस कच्छप की मौत हो गई थी।

## जियाउर रसीद पर सामग्री खरीद मामले में चलेगी विभागीय कार्यवाही




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सामन्य रांची मो. जियाउर रसीद के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया है। उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच रिटायर आईएएस अधिकारी गणेश कुमार करेंगे। आईटीआई धनबाद के प्राचार्य अंजू अग्रवाल को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वे उनके खिलाफ लगे आरोपों का प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेंगे। यह बात सामने आयी कि 2023 में मंडल आईटीआई रांची में सामग्रियों की खरीद में स्थापित नियमों का पालन नहीं किया गया। जियाउर रसीद ने इस कार्य के कर्तव्य के प्रति निष्ठा के अभाव को प्रदर्शित किया। साथ ही सामग्रियों के क्रय की प्रक्रिया का अनुपालन नहीं करने का आरोप प्रथम द्रष्टया प्रमाणित पाया गया। मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है और उनके ऊपर श्रम प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग ने विभागीय कार्रवाई का फैसला लिया है।

### शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को मिलेगा आवासीय प्रशिक्षण

# प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट एवं मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर चार दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आज से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट एवं मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरूआत होगी। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान राज्य में शिक्षा के क्षेत्र योगदान दे रहे नौ सामाजिक संस्थाओं के 235 प्रतिनिधि शामिल होंगे।



इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान दो बैच में प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहला बैच 28-29 मई और दूसरा बैच 30-31 मई तक चलेगा। इन सत्रों में प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अंतर्गत विद्यालयों के शैक्षिक वातावरण से संबंधित विषय वस्तु पर विशेष प्रशिक्षण तथा इन संस्थाओं द्वारा समर्थित विद्यालयों में आगामी छह माह में एफएलएन का अनुपालन कराने संबंधित विषयों पर जोर दिया जाएगा।

गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम के राज्य पदाधिकारी अभिनव कुमार ने सोमवार को बताया कि आगामी छह माह में राज्य के 3000 विद्यालयों में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इस क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न सामाजिक संस्थाओ के प्रतिनिधियों को विशेष प्रशिक्षण देकर कार्यक्रम के एकीकृत परिणाम के लक्ष्यों को हासिल करना अनिवार्य है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं में पढाई करने वाले बच्चों के भीतर पढ़ने की प्रवीणता या अंकगणितीय कौशल विकसित करना है, जिससे वर्ष 2026-27 तक कक्षा तीन तक के बच्चों के लिये सार्वभौमिक साक्षरता और संख्यात्मकता सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### डेली मार्केट में लगी भीषण आग



रांची : रांची के मेन रोड स्थित डेली मार्केट स्थित एक ड्राई फ्रूट्स की दुकान में अचानक एक दुकान में रविवार की देर रात भीषण आग लग गई। इस अगलगी में दुकान में रखे सारे समान जल कर राख हो गया। लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने की वजह से मौके पर अफरा तफरी मच गई। दुकान मालिक को तुरंत मौके पर बुला कर आग पर पहले खुद से काबू पाने की कोशिश की गई। थोड़ी देर बाद दमकल के वाहन भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। इस अगलगी में ड्राई फ्रूट्स दुकान बुरी तरह से जलकर राख हो गया। दुकानदार को लाखों का नुकसान हुआ है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को दस साल की सजा



रांची : पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले के दोषी मिथुन महतो को दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की सजा काटनी होगी। पूर्व में कोर्ट ने मिथुन महतो को दोषी करार दिया था। मामले में अभियोजन पक्ष ने सात गवाह पेश किया था। आरोपी मिथुन और नाबालिग पीड़िता दोनों एक मिठाई के दुकान में काम करते थे। इसी दौरान दोनों में दोस्ती हुई थी। इसके बाद आरोपी ने नाबालिग से संबंध बनाया था। पीड़िता के परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई जब वह गर्भवती हो गई। मामले को लेकर नगड़ी थाना में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इसके बाद 19 फरवरी 2023 को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, उसी समय से वह जेल में बंद है।

### जस्टिस एसएन पाठक ने सपरिवार सुरेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना




रांची : शहर के चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक ने सपरिवार पूजा-अर्चना की। इससे पहले एसएन पाठक के मंदिर पहुंचने पर मंदिर के मुख्य पुजारी सच्चिदानंद पाठक ने उनका स्वागत किया। साथ ही मंदिर समिति की ओर से जस्टिस की पत्नी को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, संतोष कुमार, कृष्णा साहू, नरेंद्र साहू, नंदु ठाकुर, दशरथ सिंह, रंजीत राम, रोहित सिंह, रामशरण विश्कर्मा, राहुल सुमित, संजू सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### डॉ शैलेश चट्टोपाध्याय केंद्रीय रेशम उत्पादन संस्थान की शोध सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत



रांची : रांची कबिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ शैलेश चट्टोपाध्याय को भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की संस्था केन्द्रीय रेशम उत्पादन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, बहरामपुर, पश्चिम बंगाल की शोध सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। डॉ चट्टोपाध्याय बीएयू के वानिकी संकाय में फारेस्ट बायोलॉजी एवं वृक्ष सुधार विभाग के प्रोफेसर-सह-मुख्य वैज्ञानिक तथा विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। केन्द्रीय सिल्क बोर्ड के तहत कार्यरत इस संस्थान की शोध सलाहकार समिति का कार्यकाल तीन वर्षो का होगा तथा प्रत्येक 6 महीनों में इसकी बैठक दो दिनों के लिए संस्थान परिसर में होगी। समिति संस्थान और इसकी सम्बद्ध इकाइयों की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों की समीक्षा करेगी तथा संस्थान के लिए अधिदेशित क्षेत्रों में फील्ड और उद्योग की समस्याओं से निबटने के लिए आवश्यक दिशानिदेश प्रदान करेगी। शोध परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करना भी समिति के कार्यक्षेत्र में शामिल है। यह समिति हितधारकों के लिए गुणवत्तायुक्त सिल्क उत्पादन के उद्देश्य से पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के निष्कर्षों के प्रयोग के तौर-तरीके भी बताएगी। समिति के अध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी विद एवं उत्तरबंग कृषि विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के पूर्व कुलपति डॉ स्वरुप कुमार चक्रवर्ती को बनाया गया है।

### राज्य में अपराधी बेलगाम : प्रतुल शाहदेव



रांची : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि राज्य में अपराधी बेलगाम है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स)पर पोस्ट कर लिखा कि बीच राजधानी में देर रात को एक पॉश इलाके में स्थित बहुचर्चित बार में डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। बेखौफ अपराधी उस बार के शीशे को भी गोली से छलनी कर देते हैं। सरकार का इकबाल कहां है?अपराधियों के मन में कानून का खौफ कहां है?अभी तो पुलिस हाई अलर्ट में है। मॉडल कोड आफ कंडक्ट लगा हुआ है और रांची में ऐसी घटना को अंजाम देकर अपराधी बड़े आराम से चले जाते हैं। प्रतुल ने कहा कि सिर्फ घटना के उद्भेदन से काम नहीं चलेगा बल्कि पुलिस को जनता का विश्वास कायम करना होगा। प्रतुल ने लिखा कि वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि वह हत्यारा हत्या करने के बाद नीचे उतरकर साढ़े चार मिनट तक गोलियां चलाते और खोखा चुनते दिख रहा है। इस वीडियो के अंत में एक पुलिस की पेट्रोलिंग जीप भी वहां दिखती है। उस समय तक हत्यारा के गाड़ी का दरवाजा खुला है। आश्चर्जनक रूप से इसके बाद का वीडियो फुटेज गायब है। जब पुलिस की गश्ती जीप मौका ए वारदात पर पहुंच गई थी तो फिर हत्यारा उस समय कैसे भाग गया? यह पूरा प्रकरण पुलिस की कार्यशाली और राज्य सरकार के इकबाल पर बड़ा प्रश्न खड़ा करता है। राजधानी सहित पूरे राज्य की जनता इस घटना के बाद दहशत में है।

एक नजर

## जोगता कॉलोनी के आवास में चोरी, नकद सहित लाखों के सामान ले भागे चोर

**धनबाद** : जोगता थाना क्षेत्र की 6/10 नंबर कॉलोनी निवासी दैनिक मजदूर राहुल नंदी के आवास में चोरों ने धावा बोलकर तीन हजार रुपए नकद सहित करीब दो लाख के जेवरात व अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली। इस आवास में एक सप्ताह में चोरी की यह दूसरी वारदात है। राहुल नंदी ने बताया कि चोर करीब 2 लाख रुपए की संपत्ति ले गए हैं। इसमें तीन हजार रुपए नकद सहित सोना-चांदी के जेवर, कांसा-पीतल के बर्तन, कपड़े, दो साइकिल, जरूरी कागजात व घर के अन्य समान शामिल है। राहुल नंदी की पत्नी शोभा देवी ने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ रिश्तेदार के श्राद्ध कर्म में भाग लेने नगरीकला गई थी। घर में उसकी सास अकेली थीं। सोमवार की सुबह जब लौटी, तो घर का सामना बिखरा पड़ा था। सास अंजली देवी रो रही थी। चोरों ने उनके साथ मारपीट की थी। सास की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसने बताया कि मेरे घर के अगल बगल में कोई नहीं रहता है। पुनर्वास नीति के तहत सभी को हटा दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर जोगता थाना प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

## अजंता पाड़ा में बंद आवास में मिला पूर्व एलआईसी कर्मी का शव

**धनबाद** : धनबाद सदर थाना क्षेत्र के अजंता पाड़ा में सोमवार को पूर्व एलआईसी कर्मी शुभेंदु भारद्वाज का शव उसके मकान के बंद कमरे में पड़ा मिला। क्षत-विक्षत शव नग्न अवस्था में किचन में पड़ा था। शव को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि मौत तीन-चार दिन पहले हुई होगी। एलआईसी कर्मी की पत्नी प्राइवेट टीचर है। दोनों को एक बेटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुभेंदु भारद्वाज को शराब के नशे की लत थी, इस कारण पुलिस गिरकर मौत होने का या फिर आत्महत्या करने के संदेह के आधार पर अनुसंधान कर रही है। दुर्गंध फैलने के बाद मुहल्ले वालों ने दी पुलिस को सूचना अजंता पाड़ा के लोगों को रविवार की शाम से ही उक्त मकान से दुर्गंध निकलने का आभास हो रहा था। सोमवार को काफी तेज दुर्गंध फैल गई। तब एक पड़ोसी ने मामले की खबर पुलिस को दी। पुलिस जब पहुंची, तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर पुलिस ने कमरों की तलाशी ली। एलआईसी कर्मी का शव नग्न अवस्था में किचन में पड़ा था। शव से दुर्गंध इतनी आ रही थी कि पुलिस वालों को भी उलटियां होने लगीं। शुभेंदु भारद्वाज की पत्नी स्कूल में टीचर है। पुलिस ने फोन कर उसे घटना की सूचना दी। वह जमेशदुपुर में थी। सूचना पाकर वह धनबाद लौटी। पत्नी और शुभेंदु के बीच पिछले कई सालों से अच्छे रिश्ते नहीं थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुभेंदु काफी शराब पीता था, इस कारण पत्नी और बेटी कई सालों से उससे अलग एक फ्लैट में रह रही थी।

## आजसू के संस्थापक सदस्य भवानी महतो की पुण्यतिथि 1 जून को

**धनबाद** : तोपचांची प्रखंड आजसू पार्टी की बैठक सोमवार को तोपचांची झील के समीप हुई। बैठक में पार्टी के संस्थापक सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी भवानी महतो की 14वीं पुण्यतिथि एक जून को मनाने पर चर्चा की गई। केंद्रीय महासचिव संतोष महतो ने कहा कि पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई जाएगी। भवानी चौक पर श्रद्धांजलि समारोह में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में प्रमोद महतो, रमेश मुनि, सदानंद महतो, विन्देश्वर महतो, विनोद महतो, कृष्णा महतो, शंकर साव, राजू गोप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड स्टेट यूथ बास्केटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : 24वां झारखंड स्टेट युथ बास्केटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ सेक्टर 4 स्थित एमजीएम हाई सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से हुआ। इस दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ी टूनार्मेंट को लेकर उत्साहित दिखे. टूनामेंट के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि एमजीएम स्कूल के फादर रेजी सी वर्गिस, झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरभजन सिंह, झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव जे पी सिंह तथा झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी को खेल के नियम से परिचित कराते हुए, खेल में टीम वर्क का बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

टूनार्मेंट में हुए मैच का विवरण- पहला मैच जेबीए( जमशेदपुर ) तथा सरायकेला के बीच खेला गया। इस मैच को जेबीए टीम ने 35-39 से जीत लिया. जेबीए की ओर से वंश राज ने 20 तथा सरायकेला की ओर से अनीश सिंह रॉय ने दस प्वाइंट किया. वहीं, दिन का दूसरा मैच धनबाद तथा जैप वन के बीच खेला गया. इस मैच को जैप वन ने 22-38 से जीत दर्ज की. तीसरा मैच रांची तथा डब्लूएसडीबीए के बीच हुआ, जिसे रांची की टीम ने 27-38 से अपने नाम कर लिया. एचबीए तथा दुमका के बीच हुए मुकाबले में एचबीए को दुमका की टीम ने 16-53 से हरा दिया। बीएसए तथा सरायकेला के बीच हुए मैच में बीएसए टीम ने सरायकेला को 29-40 से हर कर जीत दर्ज की।

इधर बालिका टीम का पहला मैच जैप वन तथा धनबाद के बीच हुआ. इस मैच को जैप वन ने 7-42 से जीत । बालिका टीम का दुसरा मैच दुमका और सरायकेला के बीच हुआ। जिसमें दुमका की टीम को सरायकेला टीम ने 0-20 से हरा दिया। एक अन्य मैच में रामगढ़ और रांची की टीम के बीच भिड़ंत हुई। इस मैच में रांची टीम 4-25 से रामगढ़ पर जीत दर्ज की। बॉयज टीम में दुमका, धनबाद, इएसडीबीए, जमशेदपुर, जामताड़ा, रांची, डब्लूएसडीबीए, बीएसए, हजारीबाग, सरायकेला, रामगढ़, बोकारो तथा जैप वन की टीम शामिल हुई। वहीं, बालिका टीम में धनबाद, इएसडीबीए, जमशेदपुर, रांची, डब्लूएसडीबीए, बीएसए, सरायकेला, बोकारो, जैप वन तथा रामगढ़ सहित 10 टीम शामिल हुई। टूनामेंट एमजीएम हाई सेकेंडरी स्कूल के फादर रेजी सी वर्गिस ने टूनामेंट की घोषणा कर टूनामेंट की प्रारंभ करवाई। ओपनिंग मैच स्थानीय टीम बोकारो डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल संघ और रामगढ़ के बीच खेला गया जिसमें बोकारो डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल संघ की टीम बेहतरीन प्रदर्शन की और दूसरा मैच बालिका वर्ग में धनबाद और बीएसए के बीच खेला गया।

# प्वाइंट्स मैन के लिए भी टू नाईट रोस्टर लागू किया जाए : संघ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : ईस्ट सेंटर्ल रेलवे कर्मचारी यूनियन द्वारा काफी समय से स्टेशन मास्टर के सघन प्रकृति के रेल सेवा को ध्यान में रखते हुए टू नाइट रोस्टर की मांग की जा रही थी । ईसीआरकेयू इस मांग को मंडलीय स्तर पर ही नहीं बल्कि महाप्रबंधक स्थाई वार्ता तंत्र के माध्यम से भी इसे लागू करने के लिए प्रयास कर रहा था। अब जाकर यूनियन के लगातार प्रयास को सफलता मिली है। रेलवे प्रशासन पर इसे लागू करने के बढ़ते दबाव के कारण सभी मंडलों को मुख्यालय से यह निर्देशित किया गया है कि टू नाइट रोस्टर को नियमानुसार कार्मिक विभाग द्वारा बनवाकर और स्वीकृति प्रदान करते हुए सभी स्टेशनों पर लागू किया जाए । उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज़्याउद्दीन ने जानकारी दी कि विभिन्न स्टेशनों पर अपने दौरे के दौरान स्टेशन मास्टर्स ने यूनियन के समक्ष टू नाईट रोस्टर लागू करवाने की बात रखी थी। अब इसको लागू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके लागू होने से स्टेशन मास्टर्स को सप्ताह भर चलने वाले रात्रि में सघन प्रकृति की रेलसेवा से उन्हें राहत मिल सकेगा और उनके शारीरिक और मानसिक स्वस्थता पर विपरीत प्रभाव से उनका बचाव हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्वाइंट्स मैन की भी कार्य प्रकृति स्टेशन मास्टर जैसा ही है और वे स्टेशन मास्टर के साथ साथ कार्य करते हैं। यह कटेगरी संरक्षा श्रेणी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ईसीआरकेयू का यह प्रयास रहेगा कि प्वाइंट्स मैन के लिए भी टू नाईट रोस्टर लागू किया जाए। इस जानकारी से धनबाद मंडल के स्टेशन मास्टर्स एवं प्वाइंट्स मैन समुदाय ने हर्ष व्यक्त करते हुए ईसीआरकेयू नेतृत्व को धन्यवाद दिया है।

# वर्षों से पीड़ा झेल रही महिला कविता को दिलाई दर्द से निजात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : अपनी चिकित्सीय कार्यशैली से धनबाद की जेपी हॉस्पिटल लगातार चर्चा में है। धैया बस्ती निवासी कविता गोराई जो वर्षों से असहनीय दर्द की पीड़ा झेल रही थी उसे जेपी अस्पताल प्रबंधन ने दर्द से निजात दिल दिया है। कविता को एल एस एस दर्द ने परेशान कर रखा था।इतनी अधिक दर्द थी कि उसे मौत कहीं अधिक आसान हो सकती है। बेतहाशा दर्द से तनाव ग्रस्त कविता ने बायपास रोड बलियापुर मंझिलाडीह जेपी हॉस्पिटल में दिखाई। विशेषज्ञ चिकित्सक ने गहन जांच के बाद पाया की उक्त महिला का एल 4,एल 5 तथा एल 6 नस के बने के कारण अनवरत दर्द हो रहा है। ऐसे में इलाज के क्रम में अस्पताल ने ऑपरेशन के माध्यम से नस को व्यवस्थित कर दी फिर क्या था वर्षों से असहनीय दर्द की पीड़ा झेलने वाली इस महिला को दर्द से राहत मिल गई। कविता को फिर से एक सामान्य जीवन जीने की नई जिंदगी मिली।कविता ने अपनी व्यथा सुनाते हुए आम जनों से अपील की है कि दर्द की अनदेखी कभी ना करें वह आगे चलकर घातक बन सकती है। आमतौर पर असहनीय दर्द को लोग दर्द नियंत्रक दवा खाकर दबा देते हैं। जो आगे चलकर परेशानी में डाल देता है तथा वह लंबा खर्चा व मौत का कारण भी बन सकता है।

# बीएसएल के अभियंता, ठेकेदारों और ठेका श्रमिकों के लिए हुआ जागरूकता कार्यक्रम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बी एस एल के मानव संसाधन विभाग के ठेका श्रमिक अनुभाग तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी दुर्गा प्रसाद बारिक द्वारा एसएमएस- विभाग में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न अधिनियमों/कानून के अनुसार सुनिश्चित किए जाने वाले अनुपालन, प्रधान नियोक्ता और ठेकेदारों द्वारा दायर की जाने वाली रिपोर्ट और रिटर्न, अनुबंध श्रमिकों द्वारा किसी भी शिकायत को दर्ज करने के संबंध में तथा ऑनलाइन समाधान पोर्टल इत्यादि पर अभियंता प्रभारी, ठेकेदारों और अनुबंध श्रमिकों के बीच जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में लगभग 40 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने प्रश्नों का समाधान भी प्राप्त किया। सीजीएम राजीव धवन ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में डिप्टी सीएलसी कार्यालय और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में जीएम वी.सी.रेड्डी, बी.दत्ता, वी.के.झा, एसएमएस-, मानव संसाधन विभाग के अधिकारी, ठेकेदार और उनके प्रतिनिधि और अनुबंध कर्मचारी उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी डिलेवरी केस मामले में हुई ऑनलाइन ठगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कतरास (धनबाद):** इन दिनों आंगनबाड़ी केंद्रों के द्वारा गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाली सरकारी सहायता राशि में ऑनलाइन साइबर ठगी का मामला लगातार देखने को मिल रहा है। साइबर अपराधी सीधे लाभुक को फोन कर ठगी का शिकार बना रहे हैं। हाल फिलहाल में ऐसी कई घटनाएं सुनने को मिल चुकी है इसी कड़ी में कतरास निवासी बिट्टू कुमार साइबर अपराधियों के झांसी में आ गया और अपराधियों ने उसके खाते से 15 सौ रुपए निकाल लिए। बिट्टू ने बताया कि रविवार को उसके मोबाइल में 9234883919 नम्बर से कॉल आया. बताया गया कि उसकी पत्नी को आंगनबाड़ी केंद्र से समय समय पर सुई व अन्य दवाइयां दी जा रही है। डिलीवरी का महीना भी बताया गया और कहा कि उसको सरकारी सहायता राशि भी मिलेगा। लाभुक ने बताया कि अपराधी द्वारा कहा गया सब बात बिल्कुल सही था। ऐसा लगा मानो ये साइबर अपराधी नही बल्कि सरकारी अधिकारी है। उसके बाद अपराधी के द्वारा कहा गया कि उसके खाते में 15-15 सौ करके दो बार मे कुल 3000 रुपये आएंगे। खाते में 3 हजार रुपये प्राप्त करने के लिए अपराधी के द्वारा मोबाइल में प्रोसेस बताया जाने लगा. बाद में ₹पे₹ का ऑप्शन दिया गया. उस पर क्लिक करते ही उसके खाते से 1498 रुपये तुरंत कट गए। इसके बाद जब उसे ठगी का अहसास हुआ तो वो उस नम्बर पर कई बार कॉल किया लेकिन नम्बर कभी बंद कभी बताया जाने लगा। रिंग भी हुआ तो उठाया नही गया। हालांकि भुक्तभोगी ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज नही कराई है। वहीं इस प्रकार के मामले से संबंधित जानकारी के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बाघमारा विमला देवी को फोन लगाया गया लेकिन उनका फोन नही लगा। इस प्रकार की घटनाओं से यह सवाल उठता है कि साइबर अपराधियों तक लाभुकों की जानकारी और उसके व्यक्तिगत डिटेल्स कैसे पहुँचते है. क्या यह वैक्सिनेशन टीम या सीडीपीओ कार्यालय से लाभुकों का डिटेल्स साइबर अपराधियों तक पहुंच रहा है या फिर कुछ और कारण है। जो भी लेकिन लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए सचेत रहने की आवश्यकता है।

# जिले के 87 गांवों में बाल विवाह कानून को सशक्त बनाने के लिए किशोरी समूह गठित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : जिले के 87 गांवों में बाल विवाह रोकथाम को लेकर किशोरी समूह गठित किया गया। सहयोगिनी के बैनर तले सभी गांवों में 20 से 30 किशोरियों के एक समूह का गठन सभी गांव में की गई। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। इसकी रोकथाम के लिए हर गांव में किशोरी समूह गठित की जा रही है। बताया गया कि बाल विवाह के कारण किशोरियों एवं युवा महिलाओं के बीच घरेलू हिंसा, बाल हिंसा, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, एनीमिया तथा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए सहयोगिनी संस्था द्वारा संचालित किशोरी समूह कारगर ढंग से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बोकारो जिले के कसमार, जारीडीह, पेटरवार, बेरमो प्रखंड में 150 गांव में किशोरी समूह गठन का लक्ष्य है जिसे इस माह पुरा कर लिया जाएगा। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि संस्था द्वारा 87 गांव में किशोरी समूह के साथ मिलकर किशोरियों तथा महिलाओं एवं समाज के हितधारकों के साथ लगातार काम कर रही है। संस्था द्वारा किशोरी क्लब एवं सामुदायिक संगठन का निर्माण किया गया है। मौके पर सहयोगिनी के फुलेंद्र रविदास, मिंटी कुमारी सिन्हा, अनंत कुमार,अशोक कुमार महतो,रवि कुमार, प्रवीण कुमार, रवि कुमार राय, मंजू देवी, सोनी देवी, अंजू देवी सहित अन्य शामिल थी।

संक्षिप्त खबरें

## नेशनल हाइजिन दिवस मनाया गया




**कतरास (धनबाद)**: सरोज देवी फाउंडेशन संस्था की महिलाओं ने नेशनल हाइजिन दिवस मनाया गया। शोभा देवी ने कहा कि आज की तारीख में मासिक धर्म स्वच्छता के ऊपर में कोई बात नहीं करना चाहता, इसके ऊपर में बात शुरू करते हैं, तो लोग हंसते हैं शर्म की बात करते है, इसे ध्यान में रखते हुए जागरूकता रैली तिलाटाड़ पावर सब स्टेशन से निकाली गई। जागरूकता रैली तिला तिलाटाड़ कॉलोनी, कतरास कॉलेज चौक, भगत सिंह चौक, राहुल चौक इलाका का भ्रमण कर जागरूक किया गया। कहा हमारा अभियान सरोज देवी फाउंडेशन के साथ में पावर मिला है कि इस टॉपिक पर कितनों की भीड़ हो चाहे कितनों की संख्या में महिला हो पुरुष हो हमें थोड़ा सा भी हम भूल नहीं करते हैं। महिलाओं की जो समस्या है, इस को खत्म करना है। कहा अगर मासिक धर्म नहीं होता तो आज बहुत सारे चीज नहीं होते हैं। इसे सेलिब्रेट करते हैं। इसे सेलिब्रेशन करेंगे। कहा यह जो लाल रंग है, यह लाल रंग महिलाओं की स्वच्छता के साथ-साथ में महिलाओं को और भी ज्यादा जागरूक बनाएगी। मौके पर पूनम कुमारी, काजल कुमारी, छाया देवी, चंपा कुमारी, सुगी देवी, रूमा देवी सुम्मा देवी, रीना कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, चंद्रावती देवी, निरंजन रजक, अजय कुंभकार, सूरज कुमार उमेश भुइयां, सबीता देवी, सुधीर कुमार आदि थे।

## बीएसएल टाउनशिप में क्वार्टर मैपिंग आरंभ



**बोकारो** : स्टील के आवासों के मैपिंग का कार्य 27 मई से आरम्भ हो गया है। यह कार्य मेसर्स एच.एस.सी.एल द्वारा निष्पादित किया जा रहा है जिसके लिए नियुक्त एजेंसी के प्रतिनिधि बीएसएल के सभी आवासों पर मैपिंग हेतु जाएंगे। मैपिंग करने वाले प्रतिनिधि अपनी पहचान-पत्र जो जाँच करने वाली एजेंसी तथा नगर प्रशासन के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित है, के साथ आवासों में जा रहे हैं और वांछित जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। आवास मैपिंग आरम्भ करने से पूर्व इसकी सूचना अखबार के माध्यम से सार्वजनिक तौर पर बीएसएल के आवासधारियों को दे दी गई थी। सभी से अनुरोध है कि इस कार्य में बीएसएल प्रबंधन का सहयोग करें। इस सदर्भ में किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 06542-280496, 06542- 280418 तथा 06542-240578 पर संपर्क किया जा सकता है।

## रोटरी क्लब चास द्वारा सीपीआर पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो** : रोटरी क्लब चास द्वारा सीपीआर पर जागरूकता के लिए चलाये गए अभियान के तहत सेक्टर 1 स्थित राम मंदिर परिसर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा की दिल के दौरे के दौरान मदद करने के लिए ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए रोटरी क्लब चास द्वारा यह अभियान शुरू किया गया है। प्रशिक्षक डॉ कोमल ने कहा की सीपीआर एक ऐसी तकनीक है जिसका उपयोग बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने से पहले जीवित रखने के लिए हृदय की मांसपेशियों पर दबाव डालने के लिए किया जाता है। डॉ कोमल ने कहा की बोकारो में हृदय संबंधी आपातकालीन स्थितियों में वृद्धि देखी जा रही है। डॉ कोमल ने कहा हृदय रोगों के लिए अटैक के पहले घंटे में ही कार्रवाई की आवश्यकता होती है। मौके पर उपस्थित डॉ पुष्पा ने कहा की हृदय संबंधी परेशानियों में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है। डॉ पुष्पा ने कहा की सीपीआर प्रशिक्षित लोगों का नेटवर्क बनाना बेहद आवश्यक है। रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि अपने सामाजिक दायित्व के तहत संस्था सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी करती रहेगी और लोगों को जागरूक करेगी। डिंपल ने कहा कि आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम से लगभग 60 लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद चोपड़ा, कुमार अमरदीप, माधुरी सिंह, मुन्ना सिंह, संजय रस्तोगी, संजय बैद, विपिन अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मतगणना कर्मियों का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन, निर्वाचन पदाधिकारी रहीं मौजूद

**बोकारो** : एनआइसी कक्ष में मतगणना कर्मियों का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी विजया जाधव की मौजूदगी में किया गया। 06 गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के 32 गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र, 33 डुमरी विधानसभा क्षेत्र, 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र, 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र, 42 टुंडी विधानसभा क्षेत्र एवं 43 बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में मतगणना के लिए नियुक्त किए जाने वाले मतगणना कर्मियों का रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शानुसार आयोग के द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। मौके पर कार्मिक कोषांग की नोडलशालिनी खालखो, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री धनंजय कुमार आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय हो कि, संसदीय क्षेत्र के सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों में प्राप्त मतों की गणना को लेकर कुल 552 मतगणना कर्मियों को नियुक्त किया गया है, जिनका आज विधानसभा वार रेंडमाइजेशन किया गया। इसमें 174 माइक्रो ऑब्जर्वर, 204 काउंटिंग सहायक एवं 174 काउंटिंग सुपरवाइजर शामिल हैं।

## संविदा कर्मियों की प्री-जॉइनिंग मेडिकल जांच अब बीजीएच में

**बोकारो**: बीएसएल के नए संविदा कर्मियों का प्री-जॉइनिंग मेडिकल चेक सोमवार को बीजीएच में आरम्भ किया गया। 27 मई को पहले बैच में लगभग 45 नए संविदा कर्मियों का प्री-जॉइनिंग मेडिकल चेक अप किया गया। नए संविदा कर्मियों का प्री-जॉइनिंग मेडिकल चेक अप बीजीएच में प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे से अपराह्न 01 बजे तक किया जायेगा। नए संविदा कर्मियों को मेडिकल चेक अप के लिए अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अब पहले बीजीएच में मेडिकल चेकअप कराना होगा, तथा मेडिकल प्रमाण पत्र (फिटनेस) मिलने के उपरान्त सेफ्टी ट्रेनिंग में शामिल होना होगा।

# तपती गर्मी में मुफीद है मटके का पानी

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**चिकित्सकों की माने तो आरओ पानी में बैक्टीरियल इन्फेक्शन और फंगल इन्फेक्शन की संभावना सबसे ज्यादा रहती है। इसके अलावा पेट से संबंधित अधिकांश बीमारी भी दूषित पानी के इस्तेमाल से पनपती हैं। आरओ पानी को पीने की कोई भी सलाह नहीं देता, विशेषकर बच्चों को? उनके लिए सबसे घातक होता है ये पानी? आरओ पानी का मतलब है टोटल डिसोल्वड सालिबिलिटी? मतलब उस पानी में साधारण पानी की अपेक्षाकृत कम खनिज लवणों का होना, जिसमें हानिकारक तत्व बेहताशा घुले होते हैं। पानी को दो-तीन मर्तबा छानने या फिल्टर करने का मतलब होता है पानी की आत्मा को अंदर खींचकर शरीर से अलग कर देना।**

आधुनिक चकाचौंध में टेक्नोलॉजी से लबरेज युग में देसी मटकों का क्रेज आज भी बरकरार है। दूषित पानी के इस्तेताल से बढ़ते मरीजों को जबसे चिकित्सकों ने मटके का पानी पीने की सलाह दी है, लोगों का रुझान अनायास घड़ों की ओर दौड़ा है। मिट्टी का ये आइटम न सिर्फ मन को भाता है, बल्कि चिलचिलाती गर्मी में सूखे गलों को भी तरबतर कर देता है। घड़े का पानी पीने में तरावट आती है। गले में अलौकिक ठंड़क पड़ती है, क्योंकि घड़े के पानी में मिट्टी की सोंधी-सोंधी सुगंध जो आती है। घड़े का पानी जमीन से तुरंत निकले ताजे पानी जैसा अहसास करवाता है। गर्मियों में जब घड़ों की डिमांड बढ़ती है तो कुम्हारों का व्यवसाय भी खूब फलने-फूलने लगता है। इस सीजन में उनकी आमदनी में अचानक से उछाल आता है।

इस समय मटकों की कीमत दो सौ से लेकर हजार रुपए तक पहुंची हुई है। मटको की बढ़ती डिमांड को देखकर अब ऑनलाइन सेल्स कंपनियां भी कूद पड़ी हैं। वो कुम्हारों को ऑर्डर देकर मटके बनवाते हैं, फिर उच्च दामों में ऑनलाइन बेचती हैं। मटके का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, शरीर का बैड कोलेस्ट्रॉल कम करता है और ब्लड सकुर्लेशन निर्यंत्रित रखने में मदद करता है। मई-जून में गर्मी का सितम जब नॉनस्टॉप होता है तो लोगों को देसी मटके की याद अचानक से आनी शुरू हो जाती है। आधुनिक युग में शायद ही कोई घर ऐसा हो, जिनके यहां फ्रिज न हो। बावजूद इसके देसी मटको का क्रेज अपने जगह बरकरार है। एक प्रचलित कहावत है कि ह्वसोने की खोज में, हीरे को भूल गए। कुछ ऐसा ही हुआ, जब जमाने ने बदलाव के लिए करवट ली, तो जनमानस ने देसी परंपराओं के साथ प्राचीन धरोहर कही जाने वाली वस्तुओं से भी तौबा कर लिया। पर, वक्त का पहिया फिर बदला है। इसलिए लोग पुराने जमाने की ओर फिर से मुड़ने लगे हैं। मई आधी से ज्यादा बीत चुकी है, पिछले सप्ताह से समूचे हिंदुस्तान में चिलचिलाती गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। फ्रिज का पानी आनंद नहीं दे रहा, इसलिए लोग मटको को पसंद कर रहे हैं। मटकों का पानी आज भी फ्रिज के मुकाबले ठंडा और स्वादिष्ट लगता है।



चंगे शरीर के लिए ताजा पानी लाभदायक होता है। इसलिए, देसी घड़े का पानी न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए बल्कि हजामा दुरुस्त के लिए भी गुणकारी होता है। चिकित्सीय सर्वेक्षण बताते हैं कि सर्दियों के मुकाबले गर्मियों में मटके का ठंडा पानी शरीर के लिए बहुत उपयोगी होता है। क्योंकि मटके की दीवारें से पानी धीरे-धीरे रिसता है और बर्तन की सतह से वाष्पित होता है। इसका भीतरी वातावरण वाष्पीकरण ऊष्मा ठंड़क का उतार्जन करता है जिससे अंदर जमा पानी चंद मिनटों में ठंडा हो जाता है। दरअसल, वाष्पीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पानी की तरलता से गैसीय अवस्था में बदलती है। जब पानी वाष्पित होता है, तो यह अपने आसपास की गर्मी को अवशोषित कर लेता है। बढ़ता तापमान मटके में मौजूद पानी को गर्मी से बचाता है। मटका मिट्टी से निर्मित होता है जिसमें सूक्ष्म छिद्र होते हैं, जो पानी को वाष्पित होने में मदद करते हैं। घड़े की मिट्टी पानी को इन्सुलेटर करती है जिसके इस्तेमाल से शरीर हाइड्रेट रहता है और पाचन प्रक्रिया हमेशा दुरुस्त रहती है।

बीते एक सप्ताह से गर्मी रिकॉर्ड तोड़ रही है। पहाड़ी क्षेत्रो में तापमान चालीस पार है, मैदानी क्षेत्रों में तो कहीं-कहीं पचास तक जा चुका है। ऐसे में पेट की ठंड़क मटकों पर निर्भर हो गई है। प्रत्येक चौथा व्यक्ति मटका खरीद रहा है। दरअसल, मटका एक प्राकृतिक कटोरा है जो मानव द्वारा निर्मित मात्र है जिसकी अंदरुनी दीवारें पानी को ठंडा बनाती हैं। मटके के धातु और मिट्टी के भीतर रखे गए पानी के संपर्क से पानी की ठंडक सूखने की प्रक्रिया धीरे-धीरे होती है जिसमें पानी लंबे वक्त तक ठंडा रहता है। शायद ये भी एक कुदरती प्रक्रिया ही है कि जितनी गर्मी बढ़ेगी, मटके का पानी भी उतना ही ठंडा होगा। फ्रिज और आरओ पानी की आदत इंसान को कई बीमारियों से घेर रही है। जबकि, घड़े का पानी कई बीमारियों से लड़ने की ताकत रखता है। तभी तो घरों के बुजुर्ग अभी भी मिट्टी के बर्तनों का पानी पीने को कहते हैं। हालांकि, आधुनिक जमाने में बुजुर्गों के अनुभव कोई लेता कहां? मटके का पानी सिर्फ ठंडा-ठंडा, कूल-कूल ही नहीं करता, बल्कि कई बीमारियों से बचाव भी करता है।

मटके की सबसे बड़ी खासियत को भी हमें जानना चाहिए। मटका आरओ द्वारा प्यूरीफायर किए पानी से मर चुके मिनरल्स को भी दोबारा जिंदा कर देता है। अगर आरओ से पानी निकालकर घड़े में सिर्फ पंद्रह मिनट तक रखा जाए, तो उसके मरे हुए मिनरल्स वापस पनप जाते हैं। क्योंकि मिट्टी के घड़े में कैल्शियम की मात्रा बहुतायत रूप में रहती है। शहरों में अक्सर लोग अब यही करने लगे हैं, पानी को पहले प्यूरीफायर कर लेते हैं, फिर उसे घडे में उलट देते हैं जिससे पानी दोबारा से पहले से हो जाता है। चिकित्सक शुरू से कहते आए हैं कि आरओ के पानी में मिनरल्स बिल्कुल भी नहीं बचते, मर जाते हैं। आरओ द्वारा प्यूरीफायर पानी से सारे मिनरल्स निकल जाते है, जिस कारण उसका टीडीएस लेवल बहुत कम हो जाता है जिसके सेवन से लोगों की पाचन प्रक्रिया दिनोंदिन प्रभावित हो रही है। तमाम अन्य बीमारियां भी लग रही हैं।


चिकित्सकों की माने तो आरओ पानी में बैक्टीरियल इन्फेक्शन और फंगल इन्फेक्शन की संभावना सबसे ज्यादा रहती हैं। इसके अलावा पेट से संबंधित अधिकांश बीमारी भी दूषित पानी के इस्तेमाल से पनपती हैं। आरओ पानी को पीने की कोई भी सलाह नहीं देता, विशेषकर बच्चों को? उनके लिए सबसे घातक होता है ये पानी? आरओ पानी का मतलब है टोटल डिसोल्वड सालिबिलिटी? मतलब उस पानी में साधारण पानी की अपेक्षाकृत कम खनिज लवणों का होना, जिसमें हानिकारक तत्व बेहताशा घुले होते हैं। पानी को दो-तीन मर्तबा छानने या फिल्टर करने का मतलब होता है पानी की आत्मा को अंदर खींचकर शरीर से अलग कर देना। यही कारण है कि चिकित्सक मरीजों को मटके का ही पानी पीने की सलाह देते हैं। लोग भी अब समझ गए हैं, इसलिए गर्मी शुरू होते ही मटकों की खरीदारी करनी आरंभ कर देते हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

### बच्चों की जान बख्शें

राजकोट के टीआरपी मॉल के गेमिंग जोन में भीषण आग लगने से 33 लोगों की मौत हो गई। इनमें बच्चे भी हैं। सप्ताहांत के कारण मॉल में बहुत भीड़ थी। बता रहे हैं कि गेमिंग जोन में वेल्डिंग का काम भी चल रहा था। इसमें बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। लोग भीतर ही फंसे रह गए। धुआं इतना था कि पांच किलोमीटर दूर से नजर आ रहा था। आग के दरम्यान वहां का अस्थायी ढांचा भी ढह गया। चश्मदीदों का कहना है कि अग्नि शमन की गाड़ियां बहुत देर से पहुंचीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ढांचे में बहुत सारे टायर होने के कारण धुआं अधिक फैला। सवाल है कि यहां गेमिंग की मंजूरी कैसे और किसने दी? अग्नि शमन विभाग द्वारा एनओसी ली गई या नहीं, आपातकालीन निकास की व्यवस्था क्यों नहीं थी? राज्य में इसी साल जनवरी में वडोदरा की झील में नाव डूबने के कारण बारह बच्चों की मौत हो गई थी। उससे पहले मोरबी सस्पेंशन ब्रिज ढहने से 135 लोग मारे गए थे, जिनमें एक तिहाई बच्चे थे। 2019 में सूरत के कोचिंग सेंटर में लगी आग में बाइस छात्रों की मौत हो गई थी। सिलसिलेवार होने वाली इन भीषण घटनाओं को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि राज्य में शासन और व्यस्थागत गड़बड़ियां चरम पर हैं। बार-बार दुर्घटनाओं के बाद जांच और कुछ दोषियों के खिलाफ कदम उठाकर मात्र लीपापोती कर दी जाती है। एक साथ इतने लोगों की मौत, उस पर भी बच्चों का मरना भयावह है। इस वक्त देश में भीषण गरमी पड़ रही है जिसके चलते आग लगने की घटनाएं आम हो गई हैं। दिल्ली के केअर सेंटर में भी शनिवार की रात ही आग में जल कर सात नवजात मर गए। बता रहे हैं, ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से वहां आग फैल गई। कुछ नवजात अभी लापता हैं, जिनके पालक इधर-उधर भटक रहे हैं। व्यावसायिक स्थलों पर सुरक्षा को लेकर इतनी लापरवाही कैसे बरती जाती है। इसके लिए जो लोग दोषी हैं, उनको सख्त सजाएं क्यों नहीं दी जातीं। से सभी दोषियों को लंबे समय के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार में या सहायक के तौर पर मदद के लिए लगाया जाए। जरूरी है कि गर्मी आने से पूर्व ही अस्पताल जैसे इदारों में अग्नि शमन प्रणाली को रूटीन बनाकर उन पर नजर रखने की कवायद लगातार जारी रखी जाए। बच्चों और अन्य हादसे के शिकार लोगों के परिवारों को केवल सरकारी मुआवजा देकर ही हाथ न झाड़े जाएं बल्कि उनके परिवार के प्रति भी जिम्मेदार लोगों को नैतिक और भावनात्मक सहयोग देने के सख्त आदेश दिए जा सकते हैं।



## चिंतन-मनन

### मूर्तिकार का सपना

एक मूर्तिकार ने एक रात विचित्र स्वप्न देखा। वह किसी छायादार पेड़ के नीचे बैठा था। अचानक उसे सामने एक पत्थर का टुकड़ा पड़ा दिखाई दिया। उसने उसे उठा लिया फिर उसे सामने रखा और औजारों के थैले से छेनी-हथौड़ी निकालकर उसे तराशने के लिए जैसे ही पहली चोट की, पत्थर जोर से चिल्ला पड़ा- मुझे मत मारो। दूसरी बार वह रोने लगा। मूर्तिकार ने उसे छोड़ दिया। फिर उसने अपनी पसंद का एक अन्य टुकड़ा उठाया और उसे तराशने लगा।

वह टुकड़ा चुपचाप वार सहता गया और देखते ही देखते उसमें से एक एक देवी की मूर्ती उभर आई। मूर्ति वहीं पेड़ के नीचे रख वह आगे चला गया। फिर कुछ समय बाद वह उसी पुराने रास्ते से गुजरा। उस स्थान पर पहुंचकर उसने देखा कि उस मूर्ति की पूजा-अर्चना हो रही है, जो उसने बनाई थी। भीड़ लगी है, भजन आरती हो रही है, भक्तों की पंक्तियां लगी हैं। जब उसके दर्शन का समय आया, तो पास आकर उसने देखा कि उसकी बनाई मूर्ति के सामने न जाने क्या-क्या रखा है। जो पत्थर का पहला टुकड़ा उसने, उसके रोने चिल्लाने पर फेंक दिया था वह भी एक ओर पड़ा है और लोग उसके सिर पर नारियल फोड़ -फोड़ कर देवी की मूर्ति पर चढ़ा रहे है। तभी मूर्तिकार की नींद टूट गई। वह सपने के बारे में सोचने लगा।

उसने निष्कर्ष निकाला कि जो लोग थोड़ा कष्ट झेल लेते हैं, उनका जीवन बन जाता है। विश्व उनका सत्कार करता है। पर जो डर जाते हैं और बचकर भागना चाहते हैं वे बाद में जीवन भर कष्ट झेलते हैं, उनका सत्कार कोई नहीं करता।

# वीर सावरकर जन्मदिन : हिंदुत्व की विचारधारा और सावरकर



प्रभुनाथ शुक्ल

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में वीर सावरकर जैसा व्यक्तित्व होना मुश्किल है। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान वीर सावरकर ने हिंदुत्व की विचारधारा को पल्लवित और पोषित किया। देश के वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक माहौल में सावरकर के विचारों की प्रासंगिकता बेहद अहम हो गई है। लेकिन सावरकर का त्याग और बलिदान भारतीय राजनीति की विचारधारा में विभाजित हो गया है। यह हर भारतीय के लिए चिंता और विमर्श का सवाल है। देश की राजनीति में सावरकर की विचारधारा के मायने चाहे जो हों, लेकिन सावरकर होना कोई साधारण बात नहीं। सावरकर ने जिस विचारधारा को स्वाधीनता काल में आगे बढ़ाया था आज हिंदुत्व के लिए उस विचारधारा की कितनी अहमियत है यह देश खुद समझ सकता है। भारत और पश्चिम में हिंदुत्व के उभार को लेकर किस तरह का उग्र विश्लेषण होता है यह सर्व विदित है।

देश की राजनीति में आज हम जिस हिंदुत्व का निवेश कर आगे बढ़ रहे हैं वह एक नए रूप में परिभाषित हो रहा है। इसकी आवश्यकता सावरकर ने बहुत पहले बता दिया था। हालांकि सावरकर की इस विचारधारा पर दक्षिण और वामपंथ में काफी टकराहट है। दक्षिणपंथ जहां इसे अपनी विरासत मानकर इस पर गर्व करता है वहीं सेक्युलरवादी और वामपंथी विचारधारा के लोग इसे अलगाववाद की नीति कहते हैं। सावरकर रत्नागिरी जेल में रहते हुए 1921 में हिंदुत्व नाम से एक किताब लिखा था। वैसे यह किताब उनके उपनाम यानी बदले नाम से प्रकाशित हुई। क्योंकि सावरकर उस समय जेल में बंद थे उन पर अंग्रेजों ने कड़ी निगरानी रखी थी। किस की बात हम आज कर रहे हैं उसे सावरकर बहुत पहले समझ गए थे। सावरकर को राजनीतिक विचारधारा में बांटना उचित नहीं होगा। पूरी दुनिया में इस्लामी गतिविधियां जहां तेजी से बढ़ रही हैं, वहीं भारत में हिंदुत्व के उभरते नए क्षितिज एक अच्छा संकेत है। लेकिन राजनीतिक विमर्श सावरकर को लेकर कई बड़े सवाल पैदा करता है।

वीर सावरकर के हिंदुत्व को राजनीति से जोड़ना कर देखते थे। वह हिंदुत्व को धर्म से अलग रखना चाहते थे। ऐसे लोगों का मानना है कि सावरकर का हिंदुत्व धर्म से न होकर राजनीतिक विचारधारा से जुड़ा था।सावरकर अपने हिंदुत्व की विचारधारा में पश्चिम के सांस्कृतिक निवेश का घोर विरोध करते थे। उनके विचार में हिंदुत्व एक जीवन पद्धति और सभ्यता है। सिंधु घाटी सभ्यता से आने वाले लोग ही हिंदुत्व की पृष्ठभूमि से आते हैं। पवित्र भूमि से जुड़ने वाले लोगों को ही हिंदुत्व का पोषक मानते थे।

सावरकर की विचारधारा पर अध्ययन से पता चलता है कि वह इंग्लैंड में पढ़े होने के नाते आधुनिक विचारधारा के पोषक रहे। हालांकि स्वाधीन आंदोलन में अपने को बलिदान करने वाले मुस्लिम क्रांतिकरियों का बहुत सम्मान करते थे। लेकिन सेल्यूलर जेल में जाने के बाद मुसलमानों पर उनकी विचारधारा बदल गई। यह अंग्रेजों की फुटडालो राजनीति करो की नीति से हुआ। अंग्रेजी हुकूमत ने वीर सावरकर को बहुत प्रताड़ित किया। क्योंकि इस जेल में अधिकांश कैदी हिंदू थे लेकिन उन पर निगरानी करने वाले सिंधी बलोची और पठान थे। जेल में इन्हीं निगरानी ओहदेदारों की आड़ में अंग्रेज हिन्दू और मुसलमान में फूट डालना चाहते थे। इनकी प्रताड़ना की वजह से जेल में सावरकर के विचार बदल गए। इसका नतीजा यह हुआ कि सेल्यूलर जेल में धर्म के आधार पर कैदियों को प्रताड़ित किया जाने लगा।

जेल में हिंदू कैदियों का सबसे अधिक उत्पीड़न किया गया। इतनी अधिक लोगों को प्रताड़ना दी गई कि लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर कर दिया गया। इसके खिलाफ वीर सावरकर ने आवाज उठाई। फिर सावरकर को वहां से रत्नागिरी जेल में भेज दिया गया। लेकिन वहां भी सेल्यूलर जेल जैसी परिस्थितियों पैदा की गई। क्योंकि इस नीति के पीछे अंग्रेजों की साजिश थी। अंग्रेज मुस्लिम निगरानी ओहदेदारों की तरफ से हिंदू कैदियों को प्रताड़ित करवाते थे। जिसकी वजह से हिंदुओं में मुसलमानों के प्रति घोर नफरत पैदा हुई और अंग्रेज अपने चाल में सफल हुए। जेल यात्रा से ही सावरकर के विचार में उग्र हिंदुत्व की बात आई और राजनीति में उन्होंने खुलकर हिंदुत्व विचारधारा की वकालत किया।

सावरकर की विचारधारा को इस्लामी धार्मिक आंदोलन ने भी बड़ा मोड़ दिया। 19वीं शताब्दी की शुरूआत में तमाम मुस्लिम धार्मिक संस्थाओं की तरफ से मुद्दे उठाए जाने लगी जिसमें बहावी आंदोलन उन्हें काफी प्रभावित किया। मुसलमानों में धार्मिक कट्टरता बढ़ाने की वजह से सावरकर को इन गतिविधियों ने बहुत गहराई से प्रभावित किया। इसका नतीजा रहा कि वह हिंदुत्व विचारधारा का खुलकर समर्थन किया और उसे आगे बढ़ाया। फिर देश की राजनीतिक मुसलमानों का हस्तक्षेप बढ़ाने लगा। जिसने सावरकर को काफी हद तक प्रभावित किया।

सावरकर हिंदुत्व की विचारधारा की एक पहचान हैं।उनका मानना था कि भारत के लिए हिंदुत्व एक विशाल शब्द है। उनकी विचारधारा में भारत के सभी धर्म हिंदुत्व शब्द में समाहित हैं। उनके विचार में हिंदू वहीं है जो देशभक्ति करते हैं और उसे अपनी मातृभूमि मानते हैं। साल 1937 में रत्नागिरी जेल से रिहाई के बाद उन्होंने हिंदुत्व की बड़ी वकालत किया और राजनीति एवं सामाजिकता के लिए हिंदुत्व को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने भारत को हिंदूराष्ट्र के रूप में स्थापित करने की विचारधारा का पूर्ण समर्थन किया। देश में पहली बार वीर सावर ने हिंदू महासभा का गठन किया और उसे एक राजनीतिक दल एवं विचारधारा के रूप में स्थापित किया। 1939 में सावरकर के नेतृत्व में मुस्लिम लीग और गैर कांग्रेसी दलों के गठबंधन सरकार गठन करने का प्रयास किया। क्योंकि 1939 ब्रिटिश ने भारत को एक युद्धरत देश घोषित कर दिया था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सामूहिक त्यागपत्र दे दिया था। सावरकर ने हिंदू महासभा की अगुवाई में सरकार बनाने के लिए गठबंधन किया। इस घटना के बाद देश में महात्मा गांधी की अगुवाई में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत हुई। सावरकर को महात्मा गांधी की हत्या के लिए एक साजिश कर्ता के रूप में उन्हें आरोपित किया गया। इस पर अदालत में मुकदमा भी चला लेकिन सबूत की अभाव में अदालत से उन्हें बरी कर दिया। सावरकर भारत के गौरव हिंदुओं के लिए गर्व का विषय हैं। सावरकर का जन्म महाराष्ट्र के नासिक में 28 में 1883 को हुआ था। सावरकर होना आसान काम नहीं है। हम हिंदुत्व के प्रणेता को जन्म दिवस पर नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उम्मीद करते हैं कि उनकी विचारधारा पर चलने पर भारत गौरवान्वित होगा।

# खेती-किसानी : फायदे का सौदा बनने की राह पर



संजीव मिश्र



उत्तम खेती मध्यम बान, निषिध चाकरी भीख निदान अर्थात खेती सबसे अच्छा काम है, व्यापार मध्यम है, नौकरी निषिद्ध है और भीख मांगना सबसे बुरा काम है।जनकवि घाघ ने जब यह दोहा लिखा होगा उस समय खेती-किसानी न सिर्फ सम्मानजनक पेशा था, बल्कि किसान सबसे ज्यादा खुशहाल था। लेकिन आजादी के बाद कृषि क्षेत्र की उपेक्षा के चलते हालात इस कदर बिगड़ गए कि कृषि न केवल घाटे का सौदा बन गई, बल्कि किसान आत्महत्या करने को विवश हुआ। अब जलवायु परिवर्तन के चलते हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

अध्ययनों की मानें तो अकेले भारत में 2050 तक वर्षा-आधारित चावल की पैदावार 20 प्रतिशत और 2080 में 47 प्रतिशत तक की कमी की आशंका है। जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित संयुक्त राष्ट्र के अंतरसरकारी पैनल की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दो दशकों में वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस या इससे भी अधिक की बढ़ोतरी होगी जिसका असर पानी की उपलब्धता से लेकर कृषि और खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। भारत सरीखे देशों को तो ग्लोबल वार्मिंग से उपजी परिस्थितियां खास परेशान करेंगी क्योंकि भूजल का 89 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र ही उपयोग करता है। इसलिए तापमान बढ़ने से भारत जैसे देशों में खेती पर दूरगामी असर पड़ेगी। भारत में दुनिया की 18 प्रतिशत आबादी रहती है, मगर कुल वैश्विक जल संसाधनों का 4 प्रतिशत ही उपलब्ध है। बावजूद इसके आजादी के बाद दशकों तक सरकारों द्वारा कोई ठोस प्रयास नहीं किया जाना समझ से परे है।

दरअसल, सरकारों के लिए किसान राजनीतिक मोहरा रहे जिन पर राजनीति तो खूब हुई लेकिन उनकी स्थिति सुधारने, आमदनी बढ़ाने, खेती को घाटे से फायदे का सौदा बनाने के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए। यही वजह है कि किसानों की स्थिति में सकारात्मक सुधार नहीं हुए। इस लिहाज से पिछला दशक भविष्य के प्रति आस्त करता है। 2014 में सरकार बनने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय बढ़ाने के साथ टिकाऊ खेती की योजना बनाई। 2016 में सरकार ने कृषि आय को दोगुना करने के तरीकों का सुझाव देने के लिए गठित समिति की सिफारिशों पर तेजी से अमल किया जिसमें सबसे अहम है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना। दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम माने जाने वाली इस योजना में देश के 11 करोड़ से अधिक किसानों को 2.61 लाख करोड़ रु पये से अधिक का लाभ मिला है।

सरकार किसानों को कई तरह की सब्सिडी भी दे रही है। फर्टलाइजर सब्सिडी का बजट ही प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ रु पये से अधिक है। सरकार टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के प्रति भी सजग है। एक राष्ट्र-एक फर्टलाइजर जैसी पहल, नीम और सल्फर कोटेड यूरिया इस दिशा में उठाया गया ठोस कदम है। सरकार अब पर ड्राप, मोर क्रॉप का लक्ष्य, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई जैसी सूक्ष्म सिंचाई टेक्नोलॉजी को अमल लाकर जल उपयोग दक्षता को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए एक सूक्ष्म सिंचाई कोष की स्थापना भी की गई है जिसके लिए राज्यों को 18,000 करोड़ से अधिक की केंद्रीय सहायता जारी की गई है। सरकार कृषि में व्यापक बिजली खपत के लिए सौर ऊर्जा का विकल्प भी दे रही है।

समय अब परंपरागत खेती की जगह अत्याधुनिक संसाधनों से खेती का है। खुद प्रधानमंत्री भी अक्सर इनोवेटर्स और रिसर्चर्स से आग्रह करते हैं कि प्रति इंच जमीन पर ह्यअधिकाधिक फसलह्ल के बारे में सोचें। कृषि आय बढ़ाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को बजट से आंका जा सकता है। कृषि और संबद्ध गतिविधियों के बजट को 4.35 गुना बढ़ाकर 2013-14 के 30,223 करोड़ से 2023-24 में 1.3 लाख करोड़ रु पये से अधिक किया गया है। सरकार भी प्रत्येक किसान को किसी न किसी रूप में औसतन 50,000 रु पये प्रदान कर रही है।

इन सबके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। एनएसएसओ के हालिया सिचुएशन असेसमेंट सर्वे (2018-19) के अनुसार, मासिक कृषि घरेलू आय 2012-13 में 6,426 से बढ़कर 2018-19 में 10,218 रु पये हो गई। दरअसल, मोदी सरकार ने ह्यसहकार से समृद्धिह्ल के स्वप्न को साकार करने हेतु एफपीओ के गठन का निर्णय लिया था। आज एफपीओ किसानों की उन्नति के पर्याय बन गए हैं। अकेले समुन्नति संस्था 6500 से अधिक एफपीओ के साथ मिल कर 8 लाख से अधिक किसानों के जीवन में बदलाव लाई है। समुन्नति के माध्यम से सकल लेन देन का आंकड़ा 22,000 करोड़ से ऊपर पहुंच गया है। सरकार को इन संस्थाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ-साथ खेती फायदे का सौदा साबित हो सके।

## एक नजर

### कर्रा में बालू का अवैध परिवहन करते पांच वाहन जब्त

**खूंटी :** उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान और जिला खनन पदाधिकारी रामनरेश सिंह के नेतृत्व में जांच दल ने रविवार की देर रात कर्रा प्रखंड के पदमपुर, छाता और अन्य स्थलों में छपेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू खनिज परिवहन करते पांच वाहनों को जब्त किया। जिला प्रशासन ने आज बताया कि अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच वाहनों को जब्त किया गया। वाहन मालिकों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन सख्त है।

### दिनदहाड़े दो लाख के जेवर ले उड़े उचक्के

**दुमका :** पूजा पाठ व मंत्र के बहाने महिलाओं को अपना शिकार बनाने वाले गिरोह के सदस्य एक बार फिर सक्रिय हो गए है। सोमवार को अपने को हरिद्वार का निवासी बताकर बाइक सवार दो युवकों ने नगर परिषद चौक स्थित ओम शांति भवन से पूजा कर लौट रही जयश्री हरनानी से करीब दो लाख के जेवर छीनतई कर आराम से फरार हो गए। महिला ने नगर थाना में मामला दर्ज कराया है। नगर थाना क्षेत्र के डंगालपाड़ा की रहने वाली महिला ने बताया कि वह सुबह 9 बजे ओम शांति भवन में पूजा करने के लिए आई थी। पूजा करने के बाद बाहर निकलने लगी तो बाइक सवार दो युवक आए और कहा कि वे हरिद्वार के रहने वाले। पूजा करने के लिए आए थे, लेकिन पैसा चोरी हो गया। अगर आप धूपबत्ती दे दें तो पूजा कर लेंगे। महिला को उनकी बातों पर शक हुआ और धूपबत्ती लेने के लिए दुकान की ओर जाने लगी। इसी क्रम में महिला ने पुश्तैनी सोने की चेन और कान की दो बाली उतारकर हाथ में रख ली। महिला दुकान तक पहुंचती, इससे पहले दोनों पास आए और हाथ से जेवरात छीनकर फरार हो गए। महिला ने बताया कि यह सब इतनी तेजी से हुआ कि उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। शोर मचाने से पहले दोनों युवक बाइक से फरार हो गए।

### प्रधानमंत्री का अपमान देश के हर व्यक्ति का अपमान है: रोहित शारदा



**रांची :** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डोरंडा थाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभद्र भाषा का प्रयोग सार्वजनिक स्थल पर करने के लिए अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सोमवार को आवेदन दिया है। यह आवेदन भाजपा के युवा नेता रोहित शारदा ने दिया है। प्रदेश संयोजक श्रीवास्तव ने कहा कि यह सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ताओं का अपमान नहीं है बल्कि इस देश में रहने वाले हर व्यक्ति का अपमान है क्योंकि प्रधानमंत्री पूरे देश का होता है ना कि किसी पार्टी का। इस अवसर पर शिकायतकर्ता भाजपा के युवा नेता रोहित शारदा ने कहा कि हमारे क्षेत्र में हमारे प्रधानमंत्री को अभद्र भाषा का प्रयोग कोई करता है तो यह हमारे लिए बहुत शर्म का विषय है और ऐसे अपराधी को अभिलंब पड़कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि एक वीडियों में प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। यह वीडियो डोरंडा के तुलसी चौक के पास का प्रतीत होता है। इस संबंध में डोरंडा थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे आवेदन मिला है। पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।

# सटीक, नियमित, निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना के लिए 28 को मिलेगा मतगणकों को प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के आदेशानुसोर सटीक, नियमित, निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना के लिए प्रशिक्षकों की तैयार टीम 28 मई को गिरिवर$2 उच्च विद्यालय में मतगणकों को प्रशिक्षण देगी। इसके लिए सोमवार को समाहरणालय के ब्लॉक ए के सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सदर एलआरडीसी प्यारेलाल व छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने पोस्टल बैलेट की गणना की बारीकियों व मतगणना संबंधी अनेक सावधानियों के बारे में बताया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने मतगणना सहायक, मतगणना पर्यवेक्षक व सूक्ष्म प्रेक्षकों के कार्यों एवं सीयू से मतों की गणना करते हुए 17सी के भाग-2 में उम्मीदवारों के प्राप्त मतों को दर्ज करने, मतगणना एजेंट से हस्ताक्षर कराने तथा उन्हें भी एक प्रति देने संबंधी नियमों की क्रमानुसार जानकारी दी। जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद ने वीवीपैट के पर्चियों की गणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। वहीं अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह ने कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन से एड्रेस टैग एवं ग्रीन पेपर सील हटाने की विधि एवं मतों के प्रदर्शन तथा इसके दुहराव की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रामप्रवेश शर्मा, क्यूम अंसारी, श्यामलाल उरांव, चन्द्रशेखर शुक्ला, नसीम अहमद, आलोक कुमार, ब्रजेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, सत्येन्द्र विश्वकर्मा, मो. यासीन, सरोज कुमार आजाद, शशिभूषण सिंह व अशोक कुमार प्रशिक्षण में भाग लिया।

### 10 मई से लापता युवक का मिला नरकंकाल अपहरण और हत्या की आशंका

**पलामू :** जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआखाला जंगल से सोमवार को बीते 17 दिन से लापता युवक का नरकंकाल मिला। नरकंकाल अलग-अलग हिस्सों में बंटा हुआ था। पुलिस ने नरकंकाल को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक की हत्या कर शव को जंगल में फेंका गया है। कंकाल की पहचान छिपादोहर गांव के चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा के पुत्र राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा के रूप में हुई है। कपड़े, चप्पल और हाथ में बंधे धागे को देखकर मोनू के परिजनों ने उसकी पहचान की है। राकेश मिश्रा 10 मई की शाम से लापता था। ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार 10 मई को राकेश मिश्रा ने गांव के मुखलेश यादव और गोविंद यादव के साथ एक दुकान से शराब खरीदी थी। बाद में तीनों पार्टी करने गए थे। इसके बाद से ही राकेश मिश्रा लापता हो गया था। विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने बताया कि युवक का नरकंकाल मिला है। पुलिस छानबीन कर रही है। मामले में अपहरण और हत्या समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मनातू में नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पलामू के मनातू थाना क्षेत्र में 25 मई को 14 साल की नाबालिग से दुष्कर्म की घटना हुई थी। पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़िता ने आरोपी देवनाथ सिंह उर्फ देवनाथ कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पॉक्सो समेत कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। 25 मई को पलामू के मनातू थाना क्षेत्र में 14 साल की नाबालिग हैंडपंप पर पानी भर रही थी। इसी क्रम में देवनाथ सिंह मौके पर पहुंचा और नाबालिग का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद आरोपी नाबालिग को गांव के नदी किनारे ले गया, जहां दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने मनातू थाना को पूरे मामले की जानकारी दी। दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद देवनाथ सिंह फरार हो गया था और अपने एक करीबी रिश्तेदार के घर पर छिपा हुआ था। जिसका पता चलते ही पुलिस ने छापेमारी कर देवनाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## थाना प्रभारी भू माफियाओं एवं तालाब अतिक्रमण करने वाले को दे रही है संरक्षण : भाकपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने चैनपुर स्थित तालाब का अतिक्रमण अवैध रूप से हो रहे चार दिवारी के काम पर रोक लगाने के संबंध में पलामू उपायुक्त को पत्र लिखा। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि चैनपुर बाजार के बीचो-बीच एक बड़ा तालाब का अतिक्रमण चैनपुर राजघराना के परिवार एवं भू माफियाओं के द्वारा किया जा रहा एवं उस तालाब को घेर कर चारदीवारी का निर्माण कर धड़ल्ले से बिक्री कर रहे हैं इसके संबंध में आज से तीन चार माह पहले भी सूचना दिया गया था तब उस अवैध काम पर रोक लगाया गया था लेकिन पुनः भूमि माफियाओं के द्वारा बेखौफ होकर चार दिवारी कर तालाब का अतिक्रमण किया जा रहा है और चैनपुर थाना प्रभारी मूकदर्शक बनी हुई है। ऐसी स्थिति में जल स्त्रोतों का संरक्षण जरूरी है माननीय सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन के अनुसार कोई भी तालाब का अतिक्रमण एवं उसे पर अवैध निर्माण नहीं किया जा सकता है अगर यह तालाब चैनपुर का भर दिया जाएगा तो चैनपुर वासियों को पीने का पानी का संकट उत्पन्न हो जाएगा ऐसी स्थिति में चैनपुरवीडियो को भी एक जूता का परिचय देते हुए आवाज निर्माण पर रोक लगाने के लिए आगे आना चाहिए जिससे भूमाफियाओं का वर्चस्व खत्म हो सके और आने वाले पीढ़ी के जल संकट से बचने के लिए अपने हक एवं अधिकार के लिए लड़ाई को लड़े। साथ ही साथ पलामू उपयुक्त संज्ञान लेकर अविलंब इस तालाब के अतिक्रमण पर रोक लगाए ताकि जल स्त्रोत सुरक्षित रह सके साथ ही साथ भूमाफियाओं एवं चैनपुर राजघराना परिवार पर अपराधी मुकदमा भी दर्ज किया जाए।

## मतों की काउंटिंग के लिए सुपरवाइजरों और असिस्टेंट को मिला प्रशिक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** लोकसभा आम चुनाव के लिए मतगणना की तिथि चार जून को निर्धारित है। पलामू लोकसभा क्षेत्र की मतगणना गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के परिसर में होनी है। इसी के निमित इलेक्ट्रानिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस) के तहत आने वाले ई पोस्टल मतों की गणना कैसे की जाए, इसको लेकर सोमवार को जिला सूचना व विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने समाहरणालय सभागार में काउंटिंग सुपरवाइजरों व काउंटिंग असिस्टेंट को प्रशिक्षण दिया। ईटीपीबीएस के तहत प्राप्त ई पोस्टल बैलेट को गणना के पहले क्यू आर कोड स्कैनर से ई पोस्टल बैलेट को स्कैन करके उसकी वैद्दता की जांच की जाती है। जांच के दौरान सही पाये गये ई पोस्टल बैलेट को, पोस्टल बैलेट के गणना हेतु बने मतगणना हॉल में इनकी गिनती की जाती है। इस दौरान उन्होंने सभी को मतों को खोलने और गिनने की प्रक्रिया के विषय के बारे में जिला सूचना व विज्ञान पदाधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। फॉर्म 13 ए, 13 बी, 13 सी को कैसे स्कैन करना है तथा उसके पश्चात उसे कैसे खोलना है आदि के बारे में बताया गया। स्कैनिंग के उपरांत रिजेक्टेड व वैलिड मतपत्र को अलग-अलग बास्केट में रखना है। इससे संबंधित अन्य जानकारी भी दी गयी।

## पलामू में यात्री बस एवं हाइवा की टक्कर में 12 जख्मी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 39 पर एक यात्री बस एवं हाइवा की टक्कर में हाइवा चालक और बस के सह चालक समेत 12 यात्री जख्मी हो गए। सभी घायलों का इलाज एमआरएमसीएच में किया जा रहा है। सभी खतरे से बाहर हैं। बताया जाता है कि लातेहार के मंडल से चलकर सिम्मी यात्री बस (जेएच03टी 0187) डालटनगंज आ रही थी। बस में 40 से 50 यात्री थे। जैसे ही पंकज धर्मकांटा के समीप पहुंची कि विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा (सीजी 12 बीएच 0536) से सीधी टक्कर हो गयी। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गयी। जख्मी यात्रियों में राजो देवी, सरिता देवी, धनपति सिंह, भुनेश्वर सिंह, सरोज सिंह, दिलीप सिंह सहित अन्य हैं। सभी बरवाडीह लातेहार के निवासी हैं। सहचालक लातेहार के बरवाडीह के रहने वाले कृष्णा कुमार ने कहा कि बस का अगला चक्का ब्लास्ट कर गया, जिससे नियंत्रण हट गया और हाइवा से टक्कर हो गयी। उंटारी रोड मझिआंव के हाइवा चालक रंजीत कुमार यादव ने कहा कि छतीसगढ से डस्ट लेकर आ रहे थे। पोलपोल में रेलवे निर्माण के लिए पोल नंबर 152 में अनलोड करना था। हम अपने साइड में जा रहे थे कि अचानक बस ने टक्कर मार दी।

# पलामू इप्टा ने स्थापना दिवस को जन संस्कृति दिवस के रूप में मनाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** इप्टा पलामू इकाई के द्वारा 81वें स्थापना दिवस को जन संस्कृति दिवस के रूप में मनाया गया। यह सर्वविदित है कि इप्टा की स्थापना 25 में 1943 को हुई थी। इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की गतिविधियों के दौरान 42 वीं कड़ी में जन संस्कृत दिवस मनाया जाने की तैयारी को लेकर 10 दिवसीय बाल नाट्य कार्यशाला 15 मई से 24 मई तक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सौरभ रंजन, मनीषा कुमारी, अंजली कुमारी, रेणु कुमारी, करिश्मा एक्का, सलोनी कुमारी, खुशी कुमारी, रिया कुमारी, सलमान हव्वारी, छोटू कुमार एवं अनुभव मिश्रा ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान नाट्य प्रस्तुति के आवश्यक तत्व पर चर्चा करते हुए असगरवजाहत द्वारा लिखित नाटक सबसे सस्ता गोश्त तैयार किया गया। साथ ही दो गीत भी तैयार किए गए।

जन संस्कृत दिवस के मौके पर 25 मई को शाम में स्थानीय कोयल नदी के तट पर स्थित मरीनड्राइव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम रायपुर इप्टा रंगकर्मी यशवंत वासनिक को समर्पित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रारंभ में मिशन समृद्धि के अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव, प्रतिष्ठित व्यवसायी नवल तुलस्यान, इप्टापलामू के अध्यक्ष प्रेम भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह एवं प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने सामूहिक रूप से इप्टा का गौरवशाली झंडा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद इप्टापलामू के कलाकारों ने अपनी पहचान गीत अइल नगाड़ा ले के इप्टा मैदान में प्रस्तुत किया। इसी के साथ अंशु आर्ट के कला गुरु आशा शर्मा के नेतृत्व में लाइवपेंटिंग जैम की शुरूआत हुई। पेंटिंग में भाग ले रहे कलाकारों के बीच पलामू के गिरते जल स्तर को देखते हुए पानी विषय रखा गया। कलाकारों ने अपने लकीरों के माध्यम से जल के महत्व और उजड़ते पर्यावरण का प्रभाव को दिखाया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों में शामिल थे पीयूष कुमार, आदया मन्नत, अनन्याकुमारी, अतुल्य पांडे, समृद्धि कुमारी, अनन्या अग्रवाल, कुल सुमनवाज, अद्विक, भावेश प्रकाश, अस्तित्व, अर्जुन गुप्ता, मानवी सोनी, भाव्या कुमारी, आराध्या पांडे। लाइवपेंटिंग जैम के दौरान आकाशवाणी उद्घोषिका शालिनी श्रीवास्तव एवं इप्टा के रंगकर्मियों ने गीतों की प्रस्तुति कर कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया।इसके बाद नाट्य कार्यशाला में तैयार की गई इप्टा की नई बाल टीम के द्वारा नाटक सबसे सस्ता गोश्त की पहली प्रस्तुति की गई। इस नाटक के माध्यम से वर्तमान दौर में राजनीति के द्वारा साझी संस्कृति को बर्बाद करने की साजिश का पदार्फाश किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने सक्रियता दिखायी, जवान का शव हैदराबाद से मंगाया, बकाया 1.20 लाख भी दिए



**पलामू :** जिले में प्रतिनियुक्त गढ़वा के रहने वाले आरक्षी प्रदीप पासवान का शव हैदराबाद से लाने में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने सक्रियता दिखायी है। लिवर एवं किडनी रोग से पीड़ित प्रदीप की हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में मौत हो गयी थी। अस्पताल का इलाज खर्च के रूप में 1.20 लाख बकाया था। अस्पताल प्रबंधन बॉडी नहीं दे रहा था। इसकी सूचना मिलते ही एसपी ने दरियादिली दिखाते हुए बकाया पैसे का भुगतान कराया एवं जवान का शव उसके गांव मंगवाया। सोमवार को सरकारी सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया। गांव में ही सलामी दी गयी। प्रदीप पासवान के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर एआइजी अस्पताल हैदराबाद में भर्ती कराया गया था, परंतु वहां भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और इलाज में काफी खर्च हो जाने के कारण प्रदीप के परिजनों की आर्थिक हालत बहुत खराब हो गई। पैसे के अभाव में शव देने से अस्पताल प्रबंधक मना कर दिया था। ऐसी स्थिति में पलामू के पुलिस मेंस के सदस्यों से बात की। पुलिस मेंस एसोसिएशन द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गयी। एसपी ने बिना विलंब किए अस्पताल को 1.20 लाख रूपए तत्काल उपलब्ध कराए। इस कार्य के लिए पलामू पुलिस एवं जवान प्रदीप का परिवार पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार जताया है। सोमवार सुबह जवान का शव उसके गांव कलशबारिया लाया गया एवं गढ़वा एवं पलामू पुलिस की संयुक्त टीम ने सलामी दी। मौके पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सहायक मंत्री लालेश्वर राम, पलामू जिला के मेंस एसोसिएशन के सचिव लालू उरांव, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार, उपाध्यक्ष द्वितीय नरेंद्र कुमार सिंह एवं अंकेक्षक सुनील राम शामिल हुए। सलामी कार्यक्रम के बाद पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू द्वारा तत्काल दाह संस्कार के लिए 25000 रुपए की सहयोग राशि भी उपलब्ध करायी गयी।

### लोहरदगा में आर्यवीर दल के युवा चरित्र निर्माण शिविर का हुआ समापन



**लोहरदगा :** प्रांतीय आर्य वीर दल और शांति आश्रम के संयुक्त तत्वाधान में छह दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर का आज समापन हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत में आर्य वीर दल ने सूर्यनमस्कार, भूमि नमस्कार, कराटे, लाठी चालन, भाला चालन आसन्न डम्बल, तीर कमान, चालन, मुगदर, आंखों से सरिया मोड़ना, सीने पर पत्थर तोड़ना जैसे साहसिक और अविश्वनीय कला का प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि गुरुकुल प्रारम्भ से ही शिक्षा का केंद्र रहा है। उन्होंने गुरुकुल शांति आश्रम में जल समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि सांसद सुदर्शन भगत ने गुरुकुलीय श्रेष्ठ शिक्षा दीक्षा दिए जाने पर आचार्य शरचचंद्र आर्य का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि शांति आश्रम मौजूदा समय में ब्रम्हचारियों को संस्कार व आदर्श व्यक्तित्व बना रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम आमसेना (उड़ीसा) के उपाचार्य डॉ. कुंजदेव मनीषी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय सरसंघ संचालक लाल सच्चिदानंद अग्रवाल, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंहसहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### वीडी शर्मा ने राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत का किया दावा



**दुमका :** उप राजधानी दुमका के बासुकीनाथ में सोमवार को मध्यप्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार का लक्ष्य हासिल करेगी। भाजपा नेता वीडी शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जनता जनार्दन और बाबा बासुकीनाथ का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिल चुका है। संथाल परगना की तीन सीटों सहित झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। इसके पूर्व मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने दुमका के बाबा बासुकीनाथ मंदिर पहुंचकर षोडशोपचार विधि से पूजा-अर्चना की। पुरोहित पंडित मणिकांत झा उर्फ मन्नो बाबा सहित अन्य पुरोहितों ने विधि-विधान पूर्वक बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी बगलामुखी माता की पूजा-अर्चना और आरती कराई। वीडी शर्मा ने बाबा बासुकीनाथ की पूजा कर मंगलकामना की। पूजन के बाद वीडी शर्मा ने बासुकीनाथ नगर में स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने गोड्डा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे की जीत को लेकर मंत्रणा की।मौके पर पूर्व राज्यसभा सदस्य अभयकांत प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मतदान में तेजी लाने के लिए चेन सिस्टम के तहत कराएं मतदानः के. रवि कुमार

**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा है कि राजमहल, दुमका एवं गोड्डा लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान 1 जून 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में शिथिलता नहीं बरतें। चेन सिस्टम के माध्यम से पीठासीन पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में तेजी लाएं। मतदाताओं को क्रमबद्ध मतदान कक्ष में प्रवेश कराते हुए मतदान कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र से दुरस्थ मतदाताओं के लिए वाहन की टैगिंग करें, ताकि मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर लाया जा सके। वहीं शहरी क्षेत्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन से ऑनलाइन सातवें चरण के मतदान के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक बुलाने के लिए माइक्रो कॉल सेंटर भी स्थापित कराएं और मतदाताओं को कॉल कर भी बुलाएं। उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर रोशनी की सुविधा के लिए जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि मतदान में देरी होने पर मतदाता एवं मतदान कर्मियों को कोई असुविधा नहीं हो।

# नरेंद्र मोदी की सरकार में तेजी से हुआ विकास : बीडी शर्मा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के उधवा प्रखंड में राजमहल लोकसभा चुनाव को लेकर देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मोबाइल के जरिए संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ताला मरांडी को वोट दें और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। कहा कि खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर लैंडिंग नहीं हो पाया। पायलट के द्वारा काफी प्रयास किया। लेकिन हेलीकॉप्टर लैंडिंग नहीं होने से वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएं। इसके लिए उन्होंने यहां की जनता से क्षमा मांगी। कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर हुए हैं। कहा कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड, 5 किलो राशन सहित योजनाओं का लाभ अंतिम लोगों तक नरेंद्र मोदी की सरकार ने पहुंचाई है। कहा कि बिरसा मुंडा के जन्मदिन को गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय सरकार ले लिया है। कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार किसी भी हाल में आरक्षण को समाप्त नहीं होने देगा। कहा कि राजमहल लोकसभा सीट में कमल को खिलाना है और हम विजय हासिल के करने के बाद यहां के जनता को अभिनंदन करने के लिए जरूर आएंगे। मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प पूरे देश के जनता ने मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प है। वर्ष 2014 से पहले राजमहल और उधवा की सड़कों की स्थिति काफी खराब थी। लोग सड़क पर चल नहीं पाते थे?। कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद सड़कों का जाल बिछाया गया। कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने नल जल योजना के माध्यम से लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल, रामदरश यादव, रामानंद साहा, संजीव डे, गणेश तिवारी, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष धनंजय मंडल, पंकज घोष, सनातन मंडल, तमाल मंडल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुईं विधायक सविता महतो



**कुकड़ू :** सोमवार को कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह गांव के मुंडा टोला के हरि मंदिर में सोलोआना समिति द्वारा आयोजित श्री श्री हरिनाम संकीर्तन में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो शामिल हुई। और मंदिर में माथा टेक कर क्षेत्र की जनता के लिए सुख शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। वहीं विधायक ने प्रसाद भी ग्रहण किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि हरिनाम संकीर्तन से गांव के आसपास तक भक्तिमय वातावरण बनता है। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, तिरुलडीह पंचायत के मुखिया रामबालक सिंह मुंडा, उप मुखिया संजय सिंह मुंडा, विधायक के आप्त सचिव काबलू महतो, माखु सिंह मुंडा, सुफल प्रामाणिक, प्रफुल्ल महतो, नविन चंद्र कुईरी, चड़कु सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे। मालूम हो कि सोलोआना समिति तिरुलडीह के द्वारा सोमवार सुबह सात बजे से मंगलवार सुबह सात बजे तक 24 प्रहर श्री श्री हरिनाम हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कुल छह संकीर्तन मंडलियों को बुलाया गया है।

### आवासीय विद्यालय में थोलकोबाद के बच्चों का नहीं हो रहा नामांकन

**किरीबुरु :** सारंडा जंगल स्थित थोलकोबाद गांव कभी नक्सलियों की राजधानी थी। इस गांव के नाम पर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय थोलकोबाद, कैम्प मनोहरपुर खोला गया है। लेकिन विडंबना है कि इस गांव के बच्चों का ही नामांकन उक्त विद्यालय में नहीं हो रहा है। इस कारण थोलकोबाद और आस-पास के गांवों में सरकार और शिक्षा विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश है। उल्लेखनीय है कि दशकों पूर्व जब झारखंड अलग राज्य भी नहीं बना था, तब से बिहार सरकार ने सारंडा के सुदूरवर्ती गांव थोलकोबाद में उक्त स्कूल का निर्माण किया था। आवासीय स्कूल का निर्माण का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र के गरीब आदिवासियों के बच्चों को यहां रख कर प्रारम्भिक शिक्षा देना था। तब इस क्षेत्र में कोई स्कूल व आवागमन की सुविधा नहीं थी। थोलकोबाद सिर्फ ब्रिटिश सरकार द्वारा बनाया गया एक ऐतिहासिक गेस्ट हाउस था। यहां आकर ठहरने वाले बाहरी पर्यटक व अधिकारियों के नाम से प्रचलित था। वर्ष 2005 से पूर्व थोलकोबाद स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय कैम्प विद्यालय में लगभग 85 बच्चे पढ़ते थे। बच्चे व उनके परिवार खुशहाल थे। वर्ष 2001 में सारंडा में नक्सलियों का आगमन एवं उनके द्वारा थोलकोबाद को अपना मुख्यालय बनाने के बाद से ही मानो इस गांव समेत पूरे सारंडा जंगल को किसी की नजर लग गई।

# किशोर की हुई मौत, परिजनों ने हत्या की जतायी आशंका



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बोरियों थाना क्षेत्र अन्तर्गत किशोर के मौत के बाद परिजनों ने हत्या का आशंका जताया है। बताया जा रहा है कि सुनील मरांडी के पुत्र सूरज मरांडी को दो दोस्त ने शादी में ले जाने को लेकर घर से ले गया था। इसके बाद किशोर का कुछ पता नहीं चला परिजनों ने काफी खोजबीन की थी। इसके बाद बोरियों अस्पताल के बगल मे शव को देखा गया परिजनों को सूचना मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया।मृतक किशोर की बहन पिंकी सोरेन ने बताई की बोरियों में शादी हो रहा था और दो दोस्त मिलकर मेरे भाई को लेकर चला गया बोला गया कि बाराती जाएंगे। उसके बाद शायद उसे कुछ खिलाया होगा दोनो लड़को को पहचानते हैं,जिसका घर बोरियों संथाली में है। जिसने मेरे भाई को बुलाकर लेकर गया मेरे भाई साहिबगंज संत जेवियर स्कूल के हिंदी मीडियम के दसवीं कक्षा का छात्र था,और अस्पताल के बगल में मेरे भाई मृत अवस्था में पाया गया। इधर पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लाया। जहां इस घटना के मामले की पुलिस छानबीन कर रही है।

# कितर्निया में युवक की मौत मामला रफा-दफा करने का प्रयास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के मंडरो प्रखंड के सीमावर्ती इशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत किर्तनिया स्थित अवैध पत्थर चिप्स डीपू के आसपास सोमवार को अहले सुबह अचानक मिजाचौकी पासी टोला निवासी कृष्ण कुमार चौधरी उर्फ कन्हैया चौधरी उम्र 38, पिता जगदीश चौधरी की मौत एक वाहन की चपेट में आ जाने से हो गया। घटना के बाद युवक को स्थल पर मौजूद लोगों की मदद से सदर अस्पताल साहिबगंज उपचार के लिए पहुंचाया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक जेसीबी चालक बताया जा रहा है मृतक की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व हुई थी मृतक को दो बच्चे भी हैं। मौत की सूचना पर अवैध पत्थर चिप्स डीपू के आसपास एरिया में हड़कंप मच गया। मामले को दबाने के उद्देश्य से घटनास्थल के आसपास मौजूद अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के द्वारा जानकारी देने से बचते रहे। उपचार के लिए पहुंचा युवक का शव को देखकर प्रथम दृश्यता लग रहा था कि उसके शरीर पर कई जगह चोट एवं जख्म का निशान था। इस संबंध में मिजाचौकी पुलिस ने मिडिया को बताया कि घटनास्थल बिहार के इशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र का है। वही घटना के लगभग 09 घंटे बाद इशीपुर बाराहाट पुलिस से मोबाईल पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो बताया कि मामले की सूचना कुछ देर पहले मिली है,लेकिन अब तक किसी व्यक्ति के द्वारा शिकायत नहीं किया गया है। पुलिस पदाधिकारी को जांच के लिए भेजा गया है। बिहार पुलिस के इस जवाब से बहुत बड़ा सवाल खड़ा होता है कि आखिर किसी व्यक्ति के द्वारा अगर कोई शिकायत पुलिस से नहीं की जाती है तो कोई भी अपराध वहीं समाप्त हो जाता है ।

# बरहेट में डायरिया के दर्जनों मरीज मिले

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहेट :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सोमवार को एक दर्जन से अधिक डायरिया रोगी मिले, अधिकांश लोग डायरिया बीमारी से पीड़ित हैं। वहीं क्षेत्र में इन दिनों लगातार डायरिया बीमारी मिल रहे है। मौसम के मिजाज बदलने से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लोग डायरिया आक्रांत में आने लगे हैं। वही सभी डायरिया मरीज गांव की सहिया साथी की मदद से सीएचसी बरहेट उपचार के लिए लाया जा रहा है। डायरिया से पीड़ित मरीज मिराज अंसारी 15 वर्षीय कर्म टोला, भोला मुर्मू 40 वर्ष लबरी, मेनू हसदा 60 वर्षीय कुंडली, आना सोरेन 35 वर्षीय बड़ा दलदली, सटीन शीला हेंब्रम 24 वर्षीय डहरलंगि, शाम अंसारी 25 वर्षीय भोगनाडीह, एनुअल अंसारी 54 वर्षीय बरहेट, प्रधान किस्कू 17 वर्षीय ढोबडिहा, छमी किस्कू 25 वर्ष, मोहला हेंब्रम 30 वर्षीया लबरी, मैसी पहाड़ीन 30 वर्षीय बड़ा डलवा, मेरी पहाड़ीन 5 वर्षीय बसपहाड़, बुधनी पहाड़ीन 7 वर्षीय बसपहाड़, आजाद जयमोमिन 62 वर्षीय, डायरिया के कुल 13 मरीज मिले। वही सभी मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया साथी, सीएचओ कर्मियों की सहयोग से मरीजों का इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट उपचार हेतु लाया गया। जहां डॉक्टर पंकज कर्मकार ने सभी डायरिया मरीजों को बारी-बारी से प्राथमिक उपचार किया। इस संबंध में डॉक्टर पंकज कर्मकार ने बताया कि बासी खाना, दूषित पानी, मक्खी, बिना हाथ धोएं खाना खाना, इन कारणों से डायरिया होने की आशंका रहती है, इससे बचने के लिए स्वच्छ पानी उबालकर, तथा ताजा खाना खाने चाहिए। इससे संक्रमण होने का खतरा नहीं रहता है और लोगों का सेहत अच्छा रहता है।

### 5 जून को आदित्यपुर के वार्ड 17 के मुख्य मार्ग में किया जायेगा पौधरोपण : नीतू शर्मा

**चाईबासा :** हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जायेगा. ऐसे में इस दिन आदित्यपुर के वार्ड 17 के मुख्य मार्ग में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दिन मुख्य मार्ग के सरिता कॉम्प्लेक्स से हरिओम नगर तक पौधरोपण किया जायेगा। इस बात की जानकारी पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि महिला संगठन तेजश्विनी ग्रुप इस कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम के तहत सड़कों के दोनों ओर छायादार पौधे लगाये जायेंगे। पौधों की सुरक्षा के लिए समाजसेवियों की मदद से गेवियन भी लगाये जायेंगे. ताकि लगाये गये पौधे जिंदा रहे। पौधे लगाने से आम नागरिकों को तो लाभ होगा ही, पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे उचित स्थान देखकर पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया।

# चौका थाना क्षेत्र में चल रहा लौह अयस्क में मिलावट का गोरखधंधा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** सरायकेला जिला के चौका थाना क्षेत्र में मिलावट का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है। कोयला व लौह आयस्क में मिलावट की जाती है। इसका खुलासा कांड्रा स्थित एक कंपनी में लौह आयस्क ग्रेड कम पाये जाने के बाद ट्रक चालक से पूछताछ के दौरान हुआ। ट्रक चालक ने मिलावट के इस गोरखधंधे का खुलासा किया और बताया कि किस प्रकार अच्छे ग्रेड के लौह अयस्क में मिलावट कर उसे खराब ग्रेड का किया जाता है। इस प्रकार मिलावट कर लाखों रुपये की हेराफेरी की जाती है। जानकारों का कहना है कि चौका थाना क्षेत्र गोरखधंधा करने वालों का हब बन जाएगा। कांड्रा स्थित कंपनी का था लौह अयस्क बताया जा रहा हे कि कांड्रा स्थित अमलगम कंपनी ओड़िशा के बडबिल से अच्छे ग्रेड का लौह अयस्क खरीदकर मंगाता है। लेकिन परिवहन के दौरान लौह अयस्क में मिलावट की जाती है। इस मिलावट वाले लौह आयस्क को कंपनी में पहुंचाया जाता है। ऐसा कर कंपनी का लाखों रुपये की चोरी कर उसे नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसका खुलासा कंपनी में लौह आयस्क अनलोड करने से पहले उसके ग्रेड की जांच करने के दौरान हुआ। कम ग्रेड मिलने पर कंपनी के अधिकारियों ने ट्रक चालक से पूछताछ की। इस दौरान ट्रक चालक ने बताया कि चौका थाना क्षेत्र स्थित सिद्धि विनायक कंपनी के सामने अच्छे ग्रेड का लौह अयस्क को उतारकर इसमें खराब ग्रेड का लौह अयस्क मिलाया जाता है. उक्त स्थान पर कोयला में भी मिलावट की जाती है।

# अरशद पहुंचे ईडी दफ्तर, पत्थर माफियाओं में हड़कंप

- अरशद की ईडी से तनवीर आलम की भी गिरफ्तारी की मांग
- ईडी दफ्तर में आलमगीर आलम से हो रही पूछताछ
- रिमांड अवधि तीन दिन और बढ़ी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** सुबे के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर सोमवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय रांची पहुंचे। बताते चले की अरशद नसर द्वारा साहिबगंज जिले के राजमहल पहाड़ को बचाने व संवर्धन हेतु व जिले में चल रहे सभी अवैध स्टोन माईंस व क्रशर को बंद कराने को लेकर एनजीटी ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-23/2017 में ईडी के एडिशनल डायरेक्टर देव्रत झा द्वारा बीते माह हलफनामा दाखिल कर साहिबगंज जिले में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन की पुष्टि करते हुए इसका किंगपिन सुबे के पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को मानते हुए जांच जारी रहने की बात कही है। इसी सिलसिले में अरशद नसर सोमवार को पत्थर कारोबारियों माफियाओं व भ्रष्ट पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों का काला चिट्ठा लेकर ईडी दफ्तर पहुंचे। अरशद ने टेंडर कमीशन घोटाला में आलमगीर आलम के पुत्र सह कांग्रेसी नेता तनवीर आलम की भी गिरफ्तारी की मांग ईडी से की है। अरशद के ईडी दफ्तर पहुंचने से पत्थर कारोबारियों माफियाओं राजनीतिज्ञ व भ्रष्ट पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों की धड़कने तेज हो गई है। ये भी बताते चले की इसी ईडी दफ्तर में टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार सुबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को रिमांड में लेकर पुछताछ जारी है। सोमवार को पीएमएलए कोर्ट ने आलमगीर आलम की रिमांड अवधि तीन दिन और बढ़ा दी है। अब देखना है कि खनन घोटाला व टेंडर कमीशन घोटाला सुबे में और क्या क्या गुल खिलाती और किस किस को अपने चपेटे में लेती है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मंडल कारा का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने मंडल कारा साहेबगंज का औचक निरीक्षण किया और वे विचाराधीन बंदीयों से मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ सफाई का निर्देश दिया। कारागार में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्होंने कारा कर्मियों को निर्देश दिया। वहीं शिक्षापरक एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश कारा अधीक्षक को दिया गया। महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों से मुलाकात कर न्यायाधीश ने उनकी समस्याओं को सुना। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर वहां तैयार हो रहे भोजन, सुविधाओं का जायजा लिया।उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने जेल अधिकारियों को उनके कर्तव्य का समुचित रूप से पालन करने का निर्देश दिया। जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदीयों को उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया और कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं की जानी चाहिए। निरीक्षण में उनके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत उपस्थित थे।

### उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से डिस्पैच सेंटर, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** राजमहल लोकसभा निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप में संपन्न कराने के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी – सह- उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन मैदान में बने डिस्पैच सेंटर, एवं राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, साहेबगंज में बने रिसीविंग सेंटर स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना स्थल आदि का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। वहीं मौके पर सभी संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने डिस्पैच सेंटर, स्ट्रॉन्ग रूम व मतगणना स्थल में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी विधानसभा वार बनाए गए डिस्पैच सेंटर, रिसीविंग सेंटर स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### नगर पंचायत में तालाब जीर्णोद्धार में भारी अनियमिता, ग्रामीणों ने उपायुक्त से की शिकायत



**बरहरवा :** झारखंड के बहुचर्चित जिला साहेबगंज इन दिनों लगातार विवादों से घिरा हुआ है,जिसका प्रमुख कारण यहाँ सरकार द्वारा चलायी जा रही विकासशील योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार और लूट खसोट मंची है। वहीं बरहरवा नगर पंचायत भ्रष्टाचार के दलदल में इसलिए धसती जा रही है क्योंकि यहां संवेदक और सम्बंधित पदाधिकारी की मिली भगत से योजनाओं की सरकारी राशियों का बंदरबाँट खुलेआम होता है,इसी क्रम में एक ताजा मामला प्रकाश में आया है जो नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड द्वारा बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 01 में झाल दिघी तालाब जीर्णोद्धार कार्य में भारी अनियमितता व मनमानी को प्रदर्शित कर रही है। इसको लेकर स्थानीय ग्रमीणों में आक्रोश है,ग्रमीणों ने साहेबगंज जिला उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर बताया कि बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 01 झालदिघी पोखर जमाबंदी नम्बर -196 दाग न.98 का जीर्णोद्धार का कार्य संवेदक में. स्वेता कंस्ट्रक्शन योजना संख्या एफ 2 02/2022/23 पार्ट -2 कार्य किया गया है जिस योजना की प्राक्कलित राशि - 24,99,900 रुपए है। स्वेता कंस्ट्रक्शन कंपनी संवेदक द्वारा कार्य को पूर्ण दिखाया गया है। जबकि कार्य में काफी अनियमितता बरती गई है,पोखर के पानी निकासी का रास्ता नहीं दिया गया और खुदाई जहाँ तहाँ कहीं 10 फिट कहीं 15 फिट किया गया मिट्टी को किनारे रख दिया गया है पोखर की सीढ़ी नुमा खुदाई नहीं कि गई है। जिस कारण पानी का जमाव ज्यादा होगा और पानी का अंदाजा लगाना मुश्किल होगा। किसी भी समय किसी व्यक्ति की जान माल की घटना घटित हो सकती है।आस पास हजारों की संख्या में ग्रामीण और बच्चे यहां रहते है,जिसपर खतरा बनी रहती है। साथ ही छठ पूजा तथा श्रद्धा क्रिया इत्यादि कार्य से जुड़ा हुआ है,पूजा के समय भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा यहां होता है। संवेदक की इस मनमानी के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। इस बाबत स्थानीय ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त से इस कार्य का उच्चस्तरीय जांच कर संवेदक पर कड़ी कार्यवाही करते हुए पुन: कार्य को दुरुस्त कराने की मांग की है।

### शिक्षा के साथ खेल को भी बढ़ावा जरूरी : रामचंद्र सहिस



**पटमदा :** गोबरघुसी स्थित साउथ प्वाइंट स्कूल मैदान में एक रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन युवा कमिटी के द्वारा किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन पुर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने फुटबॉल को किक करके किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ खेल पर भी रुचि रखने की जरूरत है। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर हूं। युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए कई संस्थान का स्थापना किया। आगे भी क्षेत्र के लिए हमेशा जनता के सुख दुख में साथ रहूंगा। उद्घाटन समारोह में ग्राम प्रधान बेलू सिंह, नीलरतन पाल,ग्राम खगेंद्र नाथ सिंह,बासुदेव मंडल,आजसू जिला सचिव रामकृष्ण महतो, अजीत महतो,केदार महतो,श्रीमंत मिश्रा,अनंत मिश्रा,कमिटी अध्यक्ष मनोरंजन सिंह ,किशोर सिंह सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।



# ऑफिस जाने वाली महिलाएं फॉलो करें ये स्किन केयर रूटीन

**गर्मी के मौसम में स्किन को खास देखभाल की जरूरत होती है। वहीं ऑफिस जाने वाली महिलाओं को अपनी स्किन का खास ख्याल रखना होता है। ऐसे में अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो इन स्किन केयर रूटीन को फॉलो कर सकती हैं।**

गर्मी में त्वचा की खास देखभाल की जरूरत होती है। वहीं जो वर्किंग वूमेन को अपनी स्किन का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। क्योंकि सूरज की हानिकारक किरणों, गर्म हवाओं से हमारी स्किन को काफी नुकसान पहुंचता है। जिसके कारण हमारी त्वचा डैमेज होने लगती है। वहीं गर्मी के मौसम में फोड़े-फुंसी और एक्ने की भी समस्या होने लगती है। ऐसे में अगर आप भी ऑफिस जाती हैं तो स्किन को ग्लोइंग बनाए रखने के लिए त्वचा की सही देखभाल करनी बहुत जरूरी है। इसलिए आप एक प्रॉपर स्किन केयर रूटीन फॉलो कर सकती हैं।

## मेकअप रिमूव करें

अगर आप भी ऑफिस जाने के दौरान मेकअप करती हैं। तो घर आने के बाद सबसे पहले अपने मेकअप को रिमूव करना न भूलें। मेकअप रिमूव करने के लिए आप मेकअप रिमूवर या क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं। नारियल का तेल मेकअप रिमूव करने के लिए एक बेहतरीन उपाय हो सकता है। इससे चेहरे पर जमा मेकअप और गंदगी आसानी से साफ हो जाती है। आपको बता दें कि मेकअप रिमूव करने से स्किन के पोर्स खुल जाते हैं। आप चाहें तो गुलाब जल, ग्रीन टी या एलोवेरा से अपनी स्किन की क्लींजिंग कर सकती हैं।

## फेशवॉश से साफ करें चेहरा

भले ही आप रोज मेकअप रोज रिमूव करती हैं या क्लींजिंग करती हैं। लेकिन इसके बाद भी फेस वॉश से चेहरे को धोना जरूरी होता है। इससे आपकी स्किन की डीप क्लीनिंग होती है। फेशवॉश से चेहरा धोने से एक्सट्रा ऑयल निकल जाता है। फेसवॉश के लिए आप माइल्ड फेसवॉश का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## टोनर लगाना न भूलें

ऑफिस से घर आने के दौरान धूप, धूल-मिट्टी के कारण स्किन का पीएच लेवल बिगड़ जाता है। इसलिए फेस धोने के बाद टोनर अप्लाई करना न भूलें। बता दें कि टोनर त्वचा के पीएच लेवल को बैलेंस करने का काम करता है। इसके साथ ही स्किन को हाइड्रेट करने का काम करता है। इसके लिए आप हाइड्रेटिंग टोनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। ओपन पोर्स को कम करने में भी टोनर मददगार होता है। बेहतरीन नैचुरल टोनर के तौर पर आप गुलाबजल का भी यूज कर सकती हैं।

## सीरम भी करें अप्लाई

ऑफिस से घर आने के बाद आपको अपनी स्किन पर सीरम भी अप्लाई करना चाहिए। इसलिए आप अपनी स्किन के हिसाब से सीरम चुन सकती हैं। इसके लिए एंटी एजिंग सीरम, विटामिन सी सीरम का यूज कर सकती हैं।

नाइट क्रीम जरूर करें अप्लाई

ज्यादातर लोग ऑफिस से रात में 8, 9 या 10 बजे के आसपास घर पहुंचते हैं। इसलिए टोनर लगाने के बाद स्किन पर नाइट क्रीम जरूर अप्लाई करनी चाहिए। **नाइट क्रीम स्किन सेल्स को बनाने** के साथ ही स्किन को हाईड्रेट करने का काम करता है। नाइट क्रीम त्वचा में हाइड्रेटिंग के साथ नमी बनाए रखने में मदद करती है। हालांकि स्किन टाइप का ध्यान रखते हुए ही नाइट क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए।

## आंखों का भी रखें ख्याल

पूरा दिन काम करने के दौरान आपकी आंखें भी थक जाती हैं। ऐसे में आंखों का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। इसके लिए आप आंखों के नीचे नारियल तेल, गुलाब जल, बादाम का तेल आदि अप्लाई कर सकती हैं। कई बार अधिक बोझ पड़ने पर डार्क सर्कल हो जाते हैं। इसके लिए आप आंखों पर खीरे के स्लाइस भी रख सकती हैं। इससे आंखों को ठंडक मिलने के साथ ही डार्क सर्कल से भी छुटकारा मिलेगा।

## होंठों को हाइड्रेट करें

त्वचा, आंखों के साथ ही होंठों को हाइड्रेट रखना भी जरूरी होता है। धूप की वजह से होंठ अक्सर सूखे और बेजान नजर आने लगते हैं। ऐसे में ऑफिस से घर आने के बाद होंठों पर भी कोई हाइड्रेटिंग क्रीम जरूर अप्लाई करना चाहिए।



# आसमान छूने का जज्बा रखती हैं आज की लड़कियां

**एक मां की आंखों से देखती हू, तो लगता है कि मां के भीतर छुपी वो चंचल लड़की जाग गई है, जिस उम्र में मां ने बच्चों को जन्म दिया था, वह उम्र आज की लड़कियों के आसमान को छूने की है। आज लड़कियां अपने पैरों पर खड़ी हैं, लड़कियां ऊंचे-ऊंचे सपने देखती हैं और उन सपनों में रंग भरने का जज्बा भी रखती हैं। आज लड़कियां यह बात अच्छे से जान गई है कि उनका काम विवाह करके सिर्फ बच्चे पैदा करना ही नही है।**

लड़कियां ही नहीं लड़के भी ऐसा ही जीवन साथी पसंद करते हैं, जो उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चले। उनके लिए विवाह करना और माता-पिता कहलाने से जरूरी जिंदगी को अच्छे से जीना है, आज जज्बात या संस्कारों की दुहाई देकर हम बच्चों के निर्णय को नही बदल सकते हैं.।

सेंट्रल एडॉप्शन रिसर्च अथॉरिटी (सीएआरए) की एक रिपोर्ट के मुताबिक पचास हजार बच्चे अनाथ हैं लेकिन एडॉप्शन एंजेंसियों की लापरवाही से अथॉरिटी के पास कुल 1200 बच्चों का ही लेखाजोखा है जबकि नौ हजार भारतीय ऐसे हैं जिन्हें बच्चे गोद लेने हैं ! वर्ष 2021 में 1368 बच्चों को नया घर दिया गया है।

यह कहना भी गलत नहीं होगा कि आजकल की लड़कियां पढ़ी-लिखी और समझदार होती हैं, वे मां बनने और बच्चों के भविष्य को लेकर हमेशा सावधान रहती हैं। एम्स की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.अर्चना धवन का भी यही मानना है कि आज जल्दी विवाह करने और जल्दी संतान पैदा होने की समस्या कम हो गई है क्योंकि उनके क्लिनिक में आने वाली लड़कियां बीस से चालीस साल की होती हैं जो नौकरीपेशा, पढ़ी-लिखी हैं जो बच्चे को जन्म देने से पहले खुद को मजबूत करना चाहती हैं, ये वो लड़कियां हैं जो अपने पैरों पर खड़ी हैं और अपने बच्चों के भविष्य को लेकर कोई भी समझौता करने को तैयार नहीं हैं।

डॉ.धवन कहती हैं कि अधिकतर ऐसे पति-पत्नी होते हैं जिनके बच्चे नहीं हो रहे होते हैं, कुछ लड़कियां विवाह तो कर लेती हैं लेकिन अपना करियर बचाए रखने के लिये मां बनना पसंद नहीं करती हैं। उनमें बढ़ती उम्र के कारण शारीरिक सरंचनाओं में परिवर्तन होने लगता है और हॉर्मोन संबंधी कई समस्याएं मातृत्व में बाधक बन जाती हैं। ऐसे में क्लिनिक में कृत्रिम विकल्पों द्वारा बच्चे पैदा किए जाने के साधन उपलब्ध हैं। उन महिलाओं को आईवीएफ तथा एंब्रियोएडॉप्शन तकनीक द्वारा मां बनने का सुख प्राप्त हो पाता है। कुछ स्त्री-पुरुष ऐसे भी होते हैं जो माता-पिता बनने के लिए खुद को तैयार महसूस नहीं करते, ज्यादातर ऐसी लड़कियां हैं जो विवाह तो कर लेती हैं लेकिन चालीस से पहले मां नहीं बनना चाहतीं। वे एक लंबे समय के लिए एग्स और शुक्राणुओं को सरंक्षित करवा देते हैं, जिससे बड़ी उम्र में भी वह इच्छानुसार मां बन सकती हैं। एक वजह सोशल मीडिया, फिल्म सिटी का प्रभाव भी कह सकते हैं।

यह सब देख सुनकर काफी हद तक आप कह सकते हैं कि उस मां की छवि धुंधली होती जा रही है, जिसके पांच से सात बच्चे होने पर भी माथे पर शिकन नहीं आया करती थी, जो बच्चों को डांटते, दुलारते अपने मां होने पर फूली नहीं समाती थी, एक ऐसी मां जो बच्चों का होना पहली जरूरत समझा करती थी, मैं याद करती हूं तो आज भी मां का नाम लेने पर मुझे वही सिर पर आंचल ओढ़े एक चेहरा नजर आता है जो हर पल साये की तरह हमारे साथ रहा करता था, जो हम बच्चों के जागने से पहले जाग जाता था, हमारी जरूरत की हर चीज उसके पास होती थी, कभी-कभी मां हमे जादू का पिटारा-सी लगती थी, बड़े भाई-बहनों के छोटे कपड़े और उनके पुराने कपड़े घर के डस्टर बन जाया करते थे, लेकिन घर में किसी भी चीज का अभाव मां महसूस ही नहीं करने देती थी। आज देखती हूं तो घर से उस मां का साया भी आंचल की तरह उड़ गया है, सिर दर्द होने पर माथे पर मां का हाथ नहीं होता न तेल ही मलने का समय हो पाता है। बच्चे नही जानते कि भारतीय व्यंजन कितने प्रकार के होते हैं, क्योंकि पकवान बनाना तो दूर, भोजन में फास्ट फूड का समावेश अधिक हो गया है। आए दिन होटल का खाना खाने से स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है, घर-परिवार, बच्चों की जिम्मेदारी से कतराते बच्चे एकांत चाहते हैं इसका एक दुष्परिणाम संयुक्त परिवारों का विघटन भी है। बच्चे दादा-दादी, नाना-नानी के दुलार से वंचित रह जाते हैं, आज चार-पांच बच्चों की देखभाल तो दूर एक बच्चे की देखभाल का समय भी मां के पास नहीं होता, बच्चे या तो आया के पास पलते हैं या क्रैच में पल रहे होते हैं। इससे बच्चों में घर के बड़ों के प्रति सेवा भाव नहीं पनप पाता और धीरे-धीरे भारतीय संस्कारों का ह्रास भी हो रहा है। इन सब बातों के बावजूद एक बहुत अच्छा पहलू भी है, वह यह कि बच्चे के जन्म से पहले ही माता-पिता अपनी संतान का भविष्य भी सुनिश्चित कर लेते हैं, ताकि बड़े होने पर बच्चों को परेशानी का सामना न करना पड़े। एक और अच्छी बात यह है कि भारत जैसे घनी आबादी के देश में जहां बहुत से बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं है वहीं अधिकतर लड़के-लड़कियां अनाथ बच्चों को गोद लेकर उन्हें पालने-पोसने में विश्वास करते हैं, एक तरह से देखा जाए तो यह सबसे अच्छा काम है, जिन बच्चों को समाज नाजायज या अनाथ कहकर प्रताड़ित करता आ रहा था, उन बच्चों को नया घर मिलने की संभावना बढ़ गई है। मुझे लगता है बदलते परिवेश में नई पीढ़ी **द्वारा अनाथ बच्चों को पढ़ाना लिखाना, माता-पिता का प्यार देना, एक नया घर देना ही सच्चे मातृत्व का सुख है.।**





# इन कामों में पेरेंट्स से भी आगे होते हैं बच्चे

**कुछ काम ऐसे भी होते हैं जिसमें पेरेंट्स से भी आगे होते हैं बच्चे। जी हां, भले आपको सुनकर हैरानी हो रहा होगा लेकिन यह सच हैं। चलिए जानते हैं किन कामों में बच्चे पेरेंट्स से आगे होते हैं।**

छोटे बच्चे को जो भी सिखाया जाएं वह काफी जल्दी सीख जाते हैं। ऐसे में कई बार बच्चे इतने होशियार हो जाते हैं कि वह अपने पेरेंट्स से भी कुछ चीजों में आगे चले जाते हैं। माना जाता है कि बच्चे जो भी करते हैं, वो अपने पैरेंट्स को देखकर सीखते हैं। ऐसे में क्या यह कहना सही होगा कि पेरेंट्स से बच्चे आगे होते हैं।

बता दें कि यह पूरे तरीके से सच है। कुछ काम ऐसे भी होते हैं जिसमें बच्चे अपने पेरेंट्स से ज्यादा अच्छे होते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको उन चीजों के बारे में बताने वाले हैं जिसमें बच्चे अपने पेरेंट्स से ज्यादा अच्छे होते हैं।

## दोस्ती करने में

बच्चे दोस्ती करने में अपने पेरेंट्स से काफी आगे होते हैं। वह किसी से भी मिनटों में दोस्ती कर लेते हैं। बच्चे बातूनी होते हैं ऐसे में उनकी दोस्ती किसी से भी आसानी से हो जाती हैं। वही बात पेरेंट्स की करें तो वह इतनी जल्दी किसी से नहीं घुल मिल पाते हैं।

## टेक्नोलॉजी

टेक्नोलॉजी में बच्चे काफी रुचि दिखाते हैं। यहीं कारण है कि उन्हें बिना कुछ सीखाएं भी फोन चलाना आ जाता है। अधिकांश बच्चों को देखा गया है कि वह टीवी चलाना भी बिना सीखाएं ही सीख लेते हैं। वहीं बात पेरेंट्स की करें तो पेरेंट्स जल्दी चीजों को नहीं सीखते हैं।

## सच्चा प्यार

बच्चों को सच्चा प्यार काफी जल्दी हो जाता है। वह किसी को भी अपना काफी जल्दी समझने लगते हैं। बात पेरेंट्स की करें तो पेरेंट्स ऐसे नहीं होते हैं। पेरेंट्स काफी अलग होते है। वह जल्दी किसी पर भी भरोसा नहीं करते हैं। इन चीजों में बच्चे अपने पेरेंट्स से आगे होते हैं।

# इन किचन टिप्स को अपनाकर आसान बनाएं रसोई का काम

कई बार खाना पकाते समय नमक-मिर्च ज्यादा या कम हो जाती है। जिससे खाने का स्वाद बिगड़ जाता है। आज हम आपको ऐसे टिप्स बता रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप किचन के काम को और आसान बना सकती हैं-

- तरी वाली सब्जी में मिर्च ज्यादा पड़ जाए तो उसमें फ्रैश क्रीम, दही या मलाई मिलाकर उसका तीखापन कम करें। अगर सब्जी सूखी है तो उसमें थोड़ा सा बेसन भूनकर डाल दें। ऐसा करने से स्वाद भी बढ़ेंगे और तीखापन भी कमहो जाएगा।
- सब्जी या सूप बनाते समय उसमें ज्यादा नमक पड़ जाए तो उसमें एक चौथाई आलू छीलकर डाल दें। आलू उनमें पड़े ज्यादा नमक को सोख लेगा। ध्यान रहें सूप सर्व करने से पहले आलू को निकाल लें ह्र
- ग्रेवी वाली सब्जी में नमक और खट्टापन ज्यादा हो जाए तो उसमें आटे की बड़ी लोई और चीनी मिला दें। आंटे की लोई डालने से सब्जी का खारापन उसमें आ जाएगा और एक चम्मच चीनी मिला देने से खट्टापन कम हो जाएगा।
- चावल बनाते समय पानी ज्यादा पड़ जाए तो पतीली या कूकर के नीचे गरम तवा रखें और उसका ढक्कन खोल दें। ऐसा करने से तवा अपनी गरमाहट से पानी को सुखा देगा। आप चाहे तो ब्रैड के एक दो पीस चावल के ऊपर रख दें। ब्रैड थोड़ी देर में चावल का पानी सोख लेगा।
- भरवा पराठा बनाते समय मसाला गीला हो जाए तो उसमें नमकीन को पीस कर मिला दें। इससे मसाला कड़ा हो जाएगा और भरने में भी आसानी होगी।





# मेहंदी लगाने का नहीं है समय तो आलता से सजाएं हाथ-पैर

**आलता को सोलह श्रृंगार का हिस्सा माना जाता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे सुखाने के लिए आपको घंटों बैठना नहीं पड़ेगा और ना ही गहरा रंच रचाने के लिए आपको टोटके ट्राई करने पड़ें।**

सावन ही नहीं बल्कि हिंदू धर्म में शादी-ब्याह या तीज-त्यौहार के मौके पर भी मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है। मगर, कई बार घर के काम या वर्किंग महिलाओं को मेहंदी लगाने का समय नहीं मिल पाता। ऐसे में आप हाथों-पैरों को आलता से सजा सकती हैं। आलता भी मेहंदी की तरह की शुभ माना जाता है। बता दें कि आलता को सोलह श्रृंगार का हिस्सा माना जाता है। वहीं, हिंदू उपनिषदों के मुताबिक, भगवान कृष्ण अपनी प्रेमिका राधा के पैरों में खुद आलता लगाते थे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे सुखाने के लिए आपको घंटों बैठना नहीं पड़ेगा और ना ही गहरा रंच रचाने के लिए आपको टोटके ट्राई करने पड़ें। आलता लगाने का फैशन भले ही पुराना हो लेकिन मॉर्डन समय के साथ इसके डिजाइन्स में काफी बदलाव आया है। ऐसे में आप भी मेहंदी की बजाए आलता ट्राई कर सकती हैं। यह नेचुली जिस रंग का होता है उसी रंग का चढ़ेगा।

- आप हाथों पर सिंपल लेकिन खूबसूरत आलता डिजाइन डाल सकती हैं।
- ब्रश की मदद से आप पैरों में आलता के सुदंर डिजाइन्स डालें।
- आप चाहें तो मेहंदी व आलता कॉम्बिनेशन से भी पैर सजा सकती हैं।
- मेहंदी की तरह ही बारीक ब्रश की मदद से आलता के बारीक डिजाइन्स बनाएं।

# अय्यर ने केकेआर की खिताबी जीत के साथ ही बनाया एक नया रिकार्ड




चेन्नई (एजेंसी)। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की जीत से इसके कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक अहम उपलब्धि हासिल की है। खिताबी जीत के साथ ही श्रेयस ऐसे पहले कप्तान बन गये हैं। जो 2 विभिन्न फ्रेंचाइजियों की ओर से खेलते हुए अपनी टीम को फाइनल तक लेकर गए हैं। इससे पहले साल 2020 में श्रेयस की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स की टीम फाइनल तक पहुंची थी।

फाइनल मुकाबले में श्रेयस ने अपना कप्तानी कौशल भी दिखाया। उन्होंने गेंदबाजों को इस प्रकार बदला कि हर दूसरे ओवर में टीम को विकेट मिली। इससे हैदराबाद की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पाई। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी टीम का कोई खिलाड़ी आईपीएल फाइनल में 30 से ज्यादा रन नहीं बना सका हो। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सबसे ज्यादा 24 रन पैट कमिंस ने बनाये हैं। यही नहीं, कोलकाता के 6 गेंदबाजों ने मैच में विकेट लिए।

केकेआर की ओर से कप्तान श्रेयस बड़ी पारियां नहीं खेल पाये पर अहम अवसरों पर उन्होंने रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका दिलाई। उन्होंने 13 मैचों में 38 की औसत के साथ 351 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम पर 2 अर्धशतक हैं। उनका स्ट्राइक रेट 145 था जबकि उन्होंने 16 छक्के लगाए हैं।

श्रेयस बतौर कप्तान आईपीएल में दो फाइनल में पहुंचने के साथ ही मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की बराबरी पर पहुंच गए हैं। हार्दिक ने साल 2022 में गुजरात टाइटंस को अपनी कप्तानी में जीत दिलायी थी जबकि 2023 सत्र में उनकी टीम फाइनल में पहुंची थी पर उसे चेन्नई सुपरकिंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। श्रेयस ने 2020 में दिल्ली की कप्तानी की पर वह फाइनल में हार गये लेकर इस बार उन्होंने कोई गलती न करते हुए जीत दर्ज की। वहां वह जीत नहीं पाए थे लेकिन इस बार 2024 सीजन में कोलकाता की कप्तानी करते हुए उन्होंने अपना पहला खिताब जीत लिया।

# आईपीएल 2024 : फाइनल में हार के बाद एसआरएच की सह-मालिक काव्या मारन की आंखों से टपके आंसू






चेन्नई (एजेंसी)। आईपीएल फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर अपना तीसरा खिताब जीता। इस हार के बाद हैदराबाद स्थित फ्रेंचाइजी की सह-मालिक और सीईओ काव्या मारन खुद को रोक नहीं पाई और उनकी आंखों से आंसू टपकने लगे।

चेपक में खेले गए एकतरफा मुकाबले में केकेआर ने सनराइजर्स को आठ विकेट से हराकर 10 साल बाद ट्रॉफी अपने नाम की। 2012 और 2014 में खिताब जीतने के बाद यह केकेआर का तीसरा आईपीएल खिताब था। खेल के प्रति अपने प्यार और स्टैंड में मौजूद लोगों की प्रतिक्रियाओं के लिए जानी जाने वाली काव्या हार के बाद रो पड़ीं, लेकिन फिर भी उन्होंने फाइनल से पहले टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस को पहले बल्लेबाजी करने के अपने फैसले पर पछतावा हुआ, क्योंकि उनकी टीम 18.3 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। कोलकाता के गेंदबाजों में आंद्रे रसेल सबसे सफल रहे जिन्होंने एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए एकतरफा मुकाबले में 19 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उनकी टीम ने 10.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें वेंकटेश अय्यर ने 26 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए।

# मिचेल स्टार्क ने दिया बड़ा संकेत, एक दिवसीय क्रिकेट से ले सकते हैं संन्याय



कोलकाता (एजेंसी)। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क निकट भविष्य में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सदस्य स्टार्क ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का खिताब जीतने के बाद कहा, 'पिछले नौ साल मैंने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट को दिए हैं। जब क्रिकेट से समय मिलता था, तब मैं वह समय अपनी पत्नी और परिवार को देता था लेकिन अब मैं अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर हूं और फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलना चाहता हूं। वनडे विश्व कप अभी बहुत दूर है, तो मैं एक फॉर्मेट को छोड़ भी सकता हूं।' स्टार्क इससे पहले 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के लिए खेल चुके हैं। हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को तवज्जो देते हुये उन्होने आईपीएल के पिछले कुछ संस्करणों में रुचि नहीं दिखलाई थी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने कहा, 'सच कहूं तो मैंने इस आईपीएल सीजन का पूरा लुत्फ उठाया। इसके बाद हमें विश्व कप खेलना है, जिसका अपना लाभ है। इस लीग में दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ और खिलाफ खेलने के बाद आप विश्व कप के लिए भी तैयार होते हैं। इस तरह यह विश्व कप की तैयारियों का भी एक हिस्सा है। मुझे नहीं पता कि अगले साल का क्या शेड्यूल है, लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि मैं फिर से केकेआर की बैंगनी और सुनहरे ड्रेस में यह टूर्नामेंट खेलता नज़र आऊंगा।' स्टार्क को इस साल केकेआर ने 24.75 करोड़ रूपए में खरीदा था और वह आईपीएल नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे।


# गौतम गंभीर से बात करते दिखे जय शाह, टीम इंडिया के हेड कोच को लेकर तेज हुईं चर्चाएं

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के हेड कोच की खोज जारी रखी हुई है। जहां केकेआर के मेंटॉर गौतम गंभीर के नाम पर चर्चाएं जारी हैं। वहीं रविवार को आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबले के बाद बीसीसीआई के सचिव जय शाह और गंभीर के बीच बातचीत हुई। जिसके बाद गंभीर को हेड कोच बनाने की अफवाहों ने तूल पकड़ लिया है।

बीसीसीआई ने 13 मई को भारतीय हेड कोच की तलाश शुरू की थी और आवेदन निकाले थे। आवेदन करने का आखिरी दिन आज यानी 27 मई को निर्धारित की गई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में हाल ही में दावा किया गया कि गंभीर ने अभी तक पद के लिए आवेदन नहीं किया है और वे आखिरी दिन आवेदन कर सकते हैं।





# यूगांडा टीम को कोचिंग दे रहे पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभय शर्मा



मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा अब यूगांडा की क्रिकेट टीम को कोचिंग दे रहे हैं। आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए उन्हें कोच की जिम्मेदारी मिली थी। अभय भारत ए और भारत की अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच रहे हैं। इसके अलावा वह दिल्ली रणजी टीम के भी कोच रहे हैं। वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कोचिंग समूह का भी हिस्सा रहे हैं। यूगांडा अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली आखिरी टीम है। इसके अलावा नामीबिया ने ही अफ्रीका क्वालीफायर से आईसीसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभय को मुख्य कोच की जो जिम्मेदारी मिली थी उसे उन्होंने संभाल लिय हैं। यूगांडा टीम अभी विश्व कप की तैयारियों के लिए श्रीलंका में अभ्यास कर रही है। इस दौरान उसके अभ्यास मैच खेलने की भी संभावनाएं हैं।

# पाक सीरीज के लिए आईपीएल से खिलाड़ियों को वापस बुलाना ईसीबी की गलती : वॉन

चेन्नई। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि आईपीएल प्लेऑफ से पहले अपने खिलाड़ियों को वापस बुलकर क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गलती है। ईसीबी ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज को देखते हुए कप्तान जोस बटलर सहित अपने सभी खिलाड़ियों को वापस बुला लिया था। वॉन ने कहा कि ऐसे में खिलाड़ियों को प्लेऑफ मुकाबलों में दबाव के बीच खेलने का अनुभव नहीं मिला। आगामी टी टी20 विश्व कप में यही अनुभव खिलाड़ियों के लिए बेहतर रहता। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर, फिल साल्ट और विल जैक्स को ईसीबी ने पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज के लिए वापिस बुला लिया था। इस फैसले की महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर सहित कई पूर्व क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। वॉन ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पहले है पर आजकल आईपीएल में दबाव उससे कम नहीं रहता। इन खिलाड़ियों को प्रशंसकों, मालिकों और सोशल मीडिया के जिस दबाव का सामना करना होता है, वह बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा, 'आईपीएल प्लेऑफ और दर्शकों का दबाव पाकिस्तान के खिलाफ टी20 खेलने के अनुभवी से कहीं अधिक होता। उन्होंने कहा, 'विशेष तौर पर साल्ट और जैक्स को तो बहुत कुछ सीखने को मिलता और उनकी तैयारी मजबूत होती, जिसका फायदा विश्वकप में मिलता।



# एमएस धोनी ने फिर बदला हेयरस्टाइल, अब नए लुक में आ रहे हैं नजर



मुम्बई। एमएस धोनी ने फिर से अपना लुक चेंज किया है। इसके लिए धोनी मशहूर हेयरस्टाइलिस्ट आलिम हकीम के यहां पहुंचे थे। जहां, सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट ने धोनी की तस्वीर शेयर की। साथ ही ये भी बताया कि हेयर सेशन के दौरान धोनी ने सैलून में क्या-क्या एक्टिविटीज की। आलिम हकीन ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि सिक्रेटली धोनी हमारे सैलून पहुंचे जो कि अपने आप में एक बड़ा सरप्राइज था। बता दें कि, आईपीएल 2024 में चेन्नई प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई थी। जिसके बाद चेन्नई को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। उसके बाद एमएस धोनी आईपीएल से टीम के बाहर होने के बाद अपने घर रांची पहुंचे, कुछ वक्त बिताने के बाद वह मुंबई पहुंचे थे। आलिम हकीम ने एमएस धोनी की अपने सैलून में फोटो शेयर की है। इसमें धोनी गॉगल्स पहने हुए नए लुक में नजर आ रहे हैं। आलिम ने आगे लिखा है कि हेयर-सेशन के दौरान धोनी ने कुछ विंटेज म्यूजिक प्ले की और उसका जमकर लुत्फ उठाया। इसने हमारे दिन को और शानदार बना दिया। उन्होंने लिखा कि जिंदगी में कुछ दिन होते हैं जो हमेशा के लिए यादगार बन जाते हैं। इसके आगे हकीम ने लिखा कि इन तमाम चीजों के लिए आपको ढेर सारा प्यार माही सर।

# आईपीएल विजेता के साथ ही उपविजेता पर भी हुई पैसे की बारिश

### -हर्षल और विराट को पर्पल और ऑरेंज कैप जीतने के लिए मिले 10-10 लाख रुपये



चेन्नई (एजेंसी)। आईपीएल 2024 की खिताब विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ ही उपविजेता - सनराइजर्स हैदराबाद भी इनामी राशि से मालामाल हो गयी है। केकेआर की टीम को आईपीएल ट्रॉफी जीतने के साथ ही 20 करोड़ का चेक भी मिला। वहीं फाइनल में हारी सनराइजर्स हैदराबाद को 12.50 करोड़ रुपये मिले।

रनर अप का चेक लेते हुए कप्तान पैट कमिंस काफी निराश थे। कमिंस की टीम ने पूरे सत्र में दमदार खेल का प्रदर्शन किया था पर फाइनल में केकेआर के सामने उनकी टीम पूरी तरह से बिखर गई। इसके अलावा शीर्ष टॉप चार में रहने वाली राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम को भी करोड़ों का इनाम मिला। राजस्थान रॉयल्स की टीम दूसरे क्वालीफायर में हार कर तीसरे स्थान पर रही थी। ऐसे में उसे 7 करोड़ का चेक मिला जबकि आरसीबी एलिमिनेटर में चौथे स्थान पर रही। आरसीबी को 6.5 करोड़ रुपये मिले।

वहीं सबसे ज्यादा 24 विकेट लेकर पर्पल कैप जीतने वाले हर्षल पटेल को 10 लाख रुपए मिले। वहीं सबसे अधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप विजेता विराट को भी 10 लाख रुपये मिले।


इसके अलावा मोस्ट वैल्यूवल प्लेयर सुनील नरेन को भी 10 लाख रुपए मिले। इसके अलावा बेस्ट पिच क्यूरेटर और ग्राउंड स्टाफ को अवॉर्ड के साथ ही 50 लाख का चेक मिला। वहीं इसके अलावा पावर प्ले ऑफ द सीजन, सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन और गेम चेंजर ऑफ द सीजन के अवॉर्ड विजेता खिलाड़ियों को भी 10-10 लाख रुपये का इनाम मिला।

# विश्व कप फुटबॉल क्वालीफिकेशन मैच में प्रशंसकों की भारी तदाद रहेगी : स्टिमक

भुवनेश्वर। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक का मानना है कि छह जून को कुवैत के खिलाफ होने वाले विश्व कप क्वालीफिकेशन मैच में भारतीय तादद में दर्शक रहेंगे। कुवैत के खिलाफ इस मैच में जीत दर्ज कर भारत इतिहास में पहली बार विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंचने का प्रयास करेगा। इसके अलावा स्टिमक के अनुसार दूसरा कारण ये है कि लोग करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलते हुए देखना चाहेंगे। छेत्री ने अपने करियर में अब तक भारत की ओर से सबसे अधिक 94 गोल किये हैं। वह अपने विदाई मैच के साथ ही अपना 151 मुकाबला खेलेंगे। इस प्रकार भारत की ओर से सबसे अधिक मैच खेलने का रिकार्ड भी उनके नाम होगा। स्टिमक ने कहा, ''इस मैच के महत्व को देखते हुए जिसमें हमें पहली बार तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने के लिए एक जीत की जरुरत होगी। इसके साथ ही ये सुनील छेत्री का विदाई मैच भी रहेगा। ऐसे में हमें उम्मीद रहेगी कि सॉल्ट लेक स्टेडियम दर्शकों से भरा रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि इस खेल के प्रशंसक देशर भर से कोलकाता पहुंचेंगे और हमारे खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाएंगे।'' कोच के अनुसार टीम पिछले दो सप्ताह से इस मैच के लिए अभ्यास कर रही है और अपनी कमजोरियों को भी दूर कर रही है। इस दौरान सभी खिलाड़ी अच्छी लय में हैं जिससे हमें अपनी जीत का भरोसा है।



# दीपा करमाकर ने इतिहास रचते हुए एशियन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड, आनंद महिंद्रा ने ऐसे दिया रियक्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की स्टार जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, उन्होंने जिम्नास्टिक में देश को एशियन सीनियर चैंपियशिप में गोल्ड मेडल दिलाया है। दीपा ये कारनामा करने वाली देश की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। रविवार को उन्होंने वुमेन वॉल्ट में ये मेडल अपने नाम किया। दिपा करमानकर का वॉल्ट फाइनल में फाइनल के आखिरी दिन औसत 13.566 का था। ये टूर्नामेंट उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में खेला गया। वहीं दीपा की सफलता पर भारतीय बिजनेसमैन आनंद महिंद्रा ने भी रिएक्शन दिया है। 30 वर्षीय दीपा ने फाइनल में नॉर्थ कोरिया की किम सोन ह्यांग और जो क्योंग ब्योल को मात दी। ह्यांग का औसत स्कोर 13.466 था और ब्योल का स्कोर 12.966 का। दोनों ने क्रमश- सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 2016 रियो ओलंपिक खेलों में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं दीपा ने इससे पहले 2015 में इसी प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। हालांकि, पहली बार किसी ने गोल्ड मेडल जीता है।

# भारत ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैचों के लिए 23 सदस्यीय महिला फुटबॉल टीम घोषित की

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ 31 मई और चार जून को ताशकंद में खेले जाने वाले दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की। टीम की 30 संभावित खिलाड़ियों ने हैदराबाद में श्रीनिधि डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान पर दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया जिसके बाद मुख्य कोच एल चाओबा देवी ने 23 सदस्यीय टीम का चयन किया। भारतीय दल बुधवार को ताशकंद रवाना होगा भारत ने इस साल की शुरुआत में चार देशों के 'तर्किश विमेंस कप' में हिस्सा लिया था। टीम इसमें कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। इस टूर्नामेंट में एस्टोनिया और हांगकांग भी टीमें भी शामिल थी।



### भारतीय महिला फुटबॉल टीम

गोलकीपर- श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, एम मोनालिसा देवी। डिफेंडर- एल आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइंगंबी देवी। मिडफील्डर- कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग। फॉरवर्ड- काजोल डिसूजा, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी खाखा, सेर्टो लिंडा कॉम।

# पीवी सिंधु की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ियों से सिंगापुर ओपन में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार यानी 28 मई से शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन 2024 में पीवी सिंधू, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे। इस ओपन में विजेता को 850,000 डॉलर (लगभग सात करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि मिलेगी।


पेरिस ओलंपिक में दो महीने ही बचे हैं और चार वर्षों में होने वाले इन खेलों में भाग लेने से पहले खिलाड़ियों को खुद के खेल में सुधार करने के लिए सिंगापुर ओपन 750 के अलावा ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500, इंडोनेशिया सुपर 1000, कनाडा ओपन सुपर 500 में भाग लेने का मौका मिलेगा। थाईलैंड ओपन में हाल ही में चैंपियन बनी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोडी ओलंपिक के लिए बेहतरीन लय में दिख रही हैं, जबकि सिंधू ने भी रविवार को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद अपना दावा मजबूत किया है।

लक्ष्य और प्रणय पिछले कुछ समय से चली आ रही खराब लय को पीछे छोड़ पेरिस खेलों से पहले लय हासिल करने की पूरी कोशिश करेंगे। मलेशिया मार्स्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ निर्णायक गेम में 11-3 की बढ़त को गंवाने वाली सिंधू यहां डेनमार्क की लीन होजमार्क कजेर्सफेल्ट के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत करना चहेंगी। मलेशिया में सिंधू का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला लगभग 80-80 मिनटों तक चला था जिससे उनके लिए थकान से उबरना भी जरूरी होगा।

वह अगर शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में सफल रही तो दूसरे दौर में उनके सामने रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन की चुनौती हो सकती है। पुरुष युगल में विश्व में नंबर एक सात्विक और चिराग के सामने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की चुनौती होगी। लक्ष्य ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में लगातार दो सेमीफाइनल में जगह बनाकर ओलंपिक क्वालीफिकेशन में प्रवेश किया था। यह युवा खिलाड़ी ब्रेक के बाद आ रहा है और पुरुष एकल में उसका सामना दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन से होगा।

एक्सेलसेन का हौसला रविवार को मलेशिया मास्टर्स चैम्पियन बनने के बाद काफी बढ़ा हुआ होगा। स्वास्थ्य समस्याओं से उबर रहे आठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को थाईलैंड ओपन के शुरुआती दौर में हमवतन मेइराबा लुवांग मैसनाम ने बाहर का रास्ता दिखाया था। विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को सिंगापुर ओपन में बेल्जियम के जूलियन कैरागी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना है।

अन्य भारतीयों में किदांबी श्रीकांत जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका से भिड़ेंगे जबकि प्रियांशु राजावत पुरुष एकल में हांगकांग के ली चेऊक यियू के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे। महिला एकल में आकर्षी कश्यप का सामना पहले दौर में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग से होगा। ओलंपिक टिकट पक्का कर चुकी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी महिला युगल में अपने पहले मैच में यूक्रेन की पोलीना बुहरोवा और येवेनिया कांतिमिर से भिड़ेंगी। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी का पहले दौर में मुकाबला चीनी ताइपे की चेंग यू-पेई और सुन यू-ह्सिंग की जोड़ी से होगा।



## एक नजर

### कोलकाता हवाई अड्डे पर 21 घंटे बाद विमान सेवाएं फिर से शुरू

**कोलकाता** : बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न हुए चक्रवाती तूफान 'रेमल' के मद्देनजर कोलकाता हवाई अड्डे पर 21 घंटे तक विमानों की आवाजाही रद्द रहने के बाद सोमवार को फिर से उड़ान सेवाएं शुरू की गईं लेकिन स्थिति सामान्य होने में कुछ और समय लगेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह 8:59 बजे इंडिगो के कोलकाता-पोर्ट ब्लेयर विमान ने यहां उड़ान भरी जबकि कोलकाता में उतरने वाला पहला विमान गुवाहाटी से यहां पहुंचा स्पाइसजेट का विमान था। यह सुबह 09:50 बजे हवाई अड्डे पर उतरा था। अधिकारी ने बताया कि कुछ अन्य उड़ानों के लिए चेक-इन जारी है। कोलकाता हवाई अड्डे से रविवार को दोपहर 12:16 बजे आखिरी विमान ने उड़ान भरी थी। कोलकाता समेत पश्चिम बंगाल के दक्षिणी हिस्से में रविवार आधी रात के आसपास आए चक्रवात के कारण भारी बारिश हुई। कोलकाता हवाईअड्डे के अधिकारियों ने चक्रवात रेमल के संभावित प्रभाव को देखते हुए रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए विमान संचालन को रद्द कर दिया था। राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार को यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएससीबीआई) के अधिकारियों की एक बैठक के बाद ये एहतियाती कदम उठाया गया था।

### सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल रेवन्ना 31 मई को एसआईटी के सामने पेश होंगे

**नई दिल्ली** : सेक्स स्कैंडल के आरोपों में फंसे कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से सासंद और जेडी-एस से निष्कासित नेता प्रज्वल रेवन्ना ने सोमवार को कहा कि वह 31 मई को विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होंगे। जेडी-एस के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगोड़ा के 33 वर्षीय पौत्र प्रज्वल रेवन्ना यौन शोषण के आरोपों के बाद 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे। अब ठीक एक महीने के बाद रेवन्ना ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिक्रिया दी है। रेवन्ना ने 2.57 मिनट के वीडियो में कन्नड़ में कहा कि सबसे पहले मैं अपने माता-पिता, अपने दादा, कुमारन्ना (पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी), कर्नाटक के लोगों और सभी कार्यकताओं से मेरे विदेश में ठिकाने को साझा न करने का उचित संदेश नहीं देने के लिए माफी मांगना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा कि जब 26 अप्रैल को चुनाव हुए तो मेरे खिलाफ कोई मामला नहीं था और एसआईटी का गठन नहीं किया गया था। मेरी विदेश यात्रा पूर्व नियोजित थी। चुनाव के बाद मैं चला गया और 3-4 दिन बाद यूट्यूब और न्यूज चैनल देखने के दौरान मुझे ये जानकारी मिली।

# चार जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी : अमित शाह

एजेंसी

**कुशीनगर** : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुशीनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 4 जून को मोदी की, भाजपा की व एनडीए की विजय सुनिश्चित है। 4 जून की दोपहर को आप देख लेना कि राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम के कारण हम चुनाव हारे हैं। हार का ठीकरा भी खरगे साहब पर फूटेगा। 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी। कुशीनगर के उदित नारायण डिग्री कॉलेज में सोमवार को विजय दुबे के समर्थन में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कहा कि 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी और



अखिलेश बाबू 4 भी पार नहीं कर पाएंगे। देश की जनता ने तय किया है कि अगले 5 साल नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। छह चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है। 5 चरण में मोदी जी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है, सातवां होने वाला है, जिसमें आप लोगों को 400 पार कराना है। गृहमंत्री ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग झूठ के आधार पर जीने वाले लोग हैं। इन्होंने कहा है कि हम मुस्लिम आरक्षण देंगे। अगर गलती से भी ये जीत गए, तो पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित का आरक्षण छीनकर ये मुसलमानों को देने का काम करेंगे। इन्होंने कर्नाटक और हैदराबाद में जो किया है, बंगाल में भी वही किया था, लेकिन वहां (बंगाल) हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। मुस्लिम आरक्षण संविधान के अनुरूप नहीं है। अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए ये मुस्लिम आरक्षण की बात करते हैं। जिसका सीधा खामियाजा पिछड़े वर्ग को भुगतना पड़ेगा। अमित शाह ने कहा कि ये चुनाव कारसेवकों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है। वो समाजवादी पार्टी की ही सरकार थी, जिसने कारसेवकों पर गोली चलाई थी। सपा बसपा पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि मैं आज बहन मायावती और अखिलेश यादव से पूछना चाहता हूं कि कुशीनगर 'चीनी का कटोरा' नाम से प्रसिद्ध था, लेकिन आपके समय में 5-6 चीनी मिलें बंद हुईं। जबकि हमारी सरकार के समय में 20 चीनी मिलों को फिर से चालू करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि 38 चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि करने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किया है। गन्ने की बुवाई का क्षेत्रफल भी 9 लाख हेक्टेयर बढ़ा है। 1995 से 2017 तक सपा-बसपा ने गन्ना किसानों को सिर्फ 23 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया था, जबकि 2017 से 2024 तक 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का भुगतान भाजपा की सरकार ने किया है। अमित शाह ने विजय दुबे को कमल के सामने वाला बटन दबाकर भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

## चक्रवाती तूफान 'रेमल' से बंगाल में भारी तबाही, जनजीवन प्रभावित



एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में चक्रवाती तूफान 'रेमल' के पहुंचने के एक दिन बाद सोमवार को भारी तबाही का मंजर दिखा। तूफान के यहां पहुंचने पर बीती रात 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली थीं। इस चक्रवाती तूफान ने बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच के तटीय इलाकों पर भारी तबाही मचाई। रेमल के पहुंचने की प्रक्रिया की शुरूआत रविवार रात साढ़े आठ बजे से शुरू हुई थी। तूफान ने बुनियादी सरंचनाओं और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। रेमल से तटीय इलाकों को हुई क्षति को साफ तौर पर देखा जा सकता है। झोपड़ियों की छत हवा में उड़ गयीं। पेड़ उखड़ गये और बिजली के खंभे गिर गये। इसके चलते कोलकाता सहित राज्य के कई हिस्सों में बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई। कई इलाकों से जलभराव से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गयीं हैं। तूफान के कारण भारी बारिश हुई जो सोमवार सुबह भी जारी रही। लोगों के घरों एवं खेतों में पानी भर गया। सुंदरवन के गोसाबा इलाके में मलबे में दबने से एक व्यक्ति घायल हो गया। कोलकाता के बिबी बागान इलाके में लगातार बारिश के कारण एक दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। पश्चिम बंगाल सरकार ने चक्रवाती तूफान के आने से पहले संवेदनशील इलाकों से एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। सागर द्वीप, सुंदरबन और काकद्वीप सहित दक्षिण 24 परगना जिले से लोगों को मुख्य रूप से बाहर निकाला गया। लोगों को बाहर निकालने से निश्चित रूप से हजारों जिंदगियां बच गईं लेकिन संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। उत्तर-दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मेदिनापुर जिलों में भारी नुकसान की सूचना है। चक्रवाती तूफान के कारण दीघा, काकद्वीप और जयनगर जैसे इलाकों में बारिश हुई और हवाएं चलीं, जो सोमवार को तेज हो गईं। सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास जारी हैं। आपातकालीन सेवाएं प्रभावित क्षेत्रों में मलबा हटाने और बिजली बहाल करने के प्रयास में जुटी हैं लेकिन लगातार हो रही भारी बारिश के कारण इन कार्यों में बाधा आ रही है। एनडीआरएफ की 14 टुकड़ियां तैनात की गई हैं।

## राजनीति में उदासीनता लोकतंत्र के लिए खतरा : जेपी नड्डा

एजेंसी

**वाराणसी** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लक्सा स्थित मारवाड़ी भवन में काशी के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते जेपी नड्डा ने कहा कि जब राजनीति में लोकमत उदासीन हो जाए, तो वो प्रजातंत्र के लिए खतरा बन जाता है। लेकिन 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने साधारण नागरिक में एक विश्वास पैदा किया। आज इस विश्वास के कारण ही हम विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आपने दो पार्टियों की सरकार देखी है, जिन्होंने सबका मत लिया और बाद में एक जाति का बनके रह गईं। 10 साल पहले देश का नागरिक राजनीति के प्रति उदासीन हो चुका था, उसका विश्वास टूट चुका था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस और अखिलेश यादव ने कहा कि भारत तो अनपढ़ है, यहां डिजिटल क्या करोगे, लेकिन मोदी भारत का सामर्थ्य जानते थे। आज यहां सब्जी बेचने वाला भी डिजिटल ट्रांजैक्शन कर रहा है। दुनिया का 40 प्रतिशत डिजिटल ट्रांजैक्शन आज भारत में होता है। गांव, गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, किसान, युवा, महिला मोदी के नेतृत्व में सबका सशक्तिकरण हुआ है। जेपी नड्डा ने कहा कि आज 2 लाख पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। आज 2 लाख कॉमन सर्विस सेंटर चल रहे हैं। ये बदलते भारत के बदलते गांव है। आज दवाई मैन्युफैक्चरिंग में भारत दूसरे नंबर पर खड़ा है। सबसे सस्ती और असरदार दवाएं भारत बना रहा है। 126 प्रतिशत एक्सपोर्ट बढ़ गया है। लंबे समय तक भारतीय राजनीति का अर्थ था, फूट डालो राज करो और सबके नाम पर वोट मांगों और सरकार बन जाए, तो किसी जाति के बन जाओ।

## पुणे हिट एंड रन मामले में दो डॉक्टर और एक चपरासी 30 मई तक पुलिस कस्टडी में


एजेंसी

**मुंबई** : पुणे हिट एंड रन मामले में सोमवार को शिवाजी सेशन कोर्ट ने ससून अस्पताल के दो डॉक्टरों और एक चपरासी को 30 मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इन तीनों को पुणे पुलिस ने नाबालिग आरोपित वेदांत अग्रवाल का ब्लड टेस्ट बदलने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार करके आज दोपहर कोर्ट में पेश किया था। तीनों आरोपितों पर तीन लाख रुपये लेकर ब्लड टेस्ट बदलने का आरोप है। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि 18 मई को कल्याणवाणी इलाके में पोर्शे कार दुर्घटना होने के बाद येरवड़ा पुलिस ने नाबालिग आरोपित का ब्लड टेस्ट ससून हॉस्पिटल में भेजा था। आरोपित के पिता विशाल अग्रवाल ने ब्लड टेस्ट बदले जाने के लिए ससून अस्पताल के डॉक्टर अजय टावरे और डॉ. श्री हरि हरलोर को मैनेज किया। इसके बाद अस्पताल का चपरासी अमित घाटकांबले अस्पताल से विशाल अग्रवाल के यहां गया और वहां से तीन लाख रुपये लेकर आया। इसके बाद दोनों डॉक्टरों ने आरोपित वेदांत अग्रवाल का ब्लड सैंपल कचरे में फेंक दिया और दूसरे शख्स का ब्लड सैंपल जांच के लिए भेज दिया। इसी मामले की पूछताछ के लिए पुलिस ने कोर्ट से इन तीनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी की मांग की। कोर्ट ने इन तीनों आरोपितों को 30 मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

## अमेरिका के मेक्सिको सिटी में पानी के लिए हाहाकार

एजेंसी

**मेक्सिको सिटी** : अमेरिका के मेक्सिको सिटी के कई इलाके इस समय पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। मेक्सिको सिटी में पानी की कमी लंबे समय से प्रमुख मुद्दा रहा है। इसका खामियाजा शहर के केंद्र के बाहरी इलाके में रहने वाले कम आय के अधिकतर लोगों का भुगतना पड़ रहा है। हाल यह है कि शहर के कुछ आभिजत्य इलाकों में भी जल संकट पैदा हो गया है। गर्म तापमान, कम वर्षा और खराब बुनियादी ढांचे ने विशाल महानगर में जल संकट पैदा कर दिया है। मेक्सिको सिटी के सेंटर फॉर इकोनॉमिक रिसर्च एंड टीचिंग की अंतरराष्ट्रीय प्रोफेसर क्रिस्टीना बोयस का कहना है कि




बरसात से संकट को कम करने में जरूर मदद करेगी, लेकिन यह उस शहर में सुरक्षा की झूठी भावना पैदा कर सकती है, जिसे कम पानी का उपयोग करने और बारिश का उपयोग करने के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की आवश्यकता है।मेक्सिको सिटी को लगभग एक चौथाई पानी की आपूर्ति जलाशयों, जल उपचार संयंत्रों और लंबी नहरों की बड़ी श्रृंखला से होती है। यह श्रृंखला सूख रही है। कुछ लोगों का कहना है कि यह श्रृंखला 26 जून तक पानी उपलब्ध कराने में असमर्थ हो सकती है। मेक्सिको की बेसिन एजेंसी के अनुसार 21 मई को इस जल श्रृंखला की क्षमता 28 प्रतिशत रही। यह सबसे निचला स्तर रहा। रकेल कैंपोस इलाका तो जनवरी से इस समस्या से दोचार हो रहा है।

# आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आध्यात्मिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण होता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं। राष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में ब्रह्मा कुमारी संस्थान द्वारा आयोजित स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तीकरण कार्यक्रम के राष्ट्रीय शुभारंभ पर सभा को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व इतिहास के स्वर्णिम अध्याय और राष्ट्रों का इतिहास सदैव आध्यात्मिक मूल्यों पर



आधारित रहे हैं। विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि आध्यात्मिक मूल्यों की उपेक्षा करके केवल भौतिक प्रगति का मार्ग अपनाना अंततः विनाशकारी सिद्ध हुआ है। स्वस्थ मानसिकता के आधार पर ही समग्र कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि एक सच्चा स्वस्थ व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों आयामों को पूरा करता है। ऐसे व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज, राष्ट्र एवं विश्व समुदाय का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक सशक्तीकरण ही वास्तविक सशक्तीकरण होता है। जब किसी धर्म और पंथ के मानने वाले अध्यात्म के मार्ग से भटक जाते हैं तो वे धर्मान्धता (कट्टरता) का शिकार हो जाते हैं और अस्वस्थ मानसिकता से ग्रस्त हो जाते हैं। आध्यात्मिक मूल्य सभी धर्मों के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वार्थ से ऊपर उठकर लोक कल्याण की भावना के साथ काम करना, आंतरिक आध्यात्मिकता की सामाजिक अभिव्यक्ति है। जनता की भलाई के लिए दान करना सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मूल्यों में से एक है।

उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में भय, आतंक और युद्ध को बढ़ावा देने वाली ताकतें बहुत सक्रिय हैं। ऐसे माहौल में ब्रह्माकुमारी संस्था ने 100 से अधिक देशों में कई केंद्रों के माध्यम से मानवता के सशक्तीकरण के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि यह आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार द्वारा विश्व बंधुत्व को शक्ति प्रदान करने का अमूल्य प्रयास है। राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान संभवतः महिलाओं द्वारा संचालित दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक संस्थान है। उन्होंने कहा कि इस संगठन में ब्रह्माकुमारियां आगे रहती हैं और उनके सहयोगी ब्रह्माकुमार पृष्ठभूमि में काम करते हैं। ऐसे अनूठे सामंजस्य के साथ यह संस्था निरंतर आगे बढ़ रही है। ऐसा करके उसने विश्व समुदाय के समक्ष आध्यात्मिक प्रगति एवं महिला सशक्तीकरण का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्निवीर के नाम पर देश के युवाओं को बांट रहे मोदी : रोहित चौधरी




**शिमला** : कांग्रेस के एक्स सर्विसमैन विभाग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अग्निवीर के नाम पर देश को युवाओं को बांटने का आरोप लगाया है। एआईसीसी के एक्स सर्विसमैन विभाग के चेयरमैन रिटायर्ड कर्नल रोहित चौधरी ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर देश को बरगला रहे हैं। मोदी देश को जाति -धर्म के नाम पर तो बांटते ही हैं लेकिन अब अग्निवीर योजना के नाम पर भी देश के युवाओं को बांट रहे हैं। कर्नल रोहित चौधरी ने कहा कि 4 साल अग्निवीर में काम करने के बाद पैरामिलिट्री फोर्स में 10 फीसदी कोटे के साथ जॉब देंगे क्या इन्होंने एक भी नोटिफिकेशन निकाली क्या? उन्होंने पूछा कि मोदी जी यह बताएं 18 में भर्ती होने वाला युवक 22 साल में रिटायर होगा कहाँ जाएंगे। उन्होंने कहा कि 7 लाख 82 हजार पद पूर्व सैनिकों के पद खाली हैं उन्हें क्यों नहीं भरा जा रहा। यही काम अग्निवीर जवानों के साथ होने वाला है। जिन्हें सरकारी खर्चे पर ट्रेनिंग देकर इंडस्ट्रियल हाउस सिक्योरिटी के तौर पर नौकरी देंगे। उन्होंने मोदी से पूछा कि अग्निवीर क्या देश की सुरक्षा कर पाएंगे। अग्निवीरों को न तो अकेले स्वतंत्र, सेंसेटिव और हार्ड जगह पर तैनात नहीं किया जा सकता। सेना में देश के लिए शहीद होने पर भी शहादत में भेदभाव कर दिया है। जो सैनिक 15 साल तक रेगुलर, पूरी सैलरी पेंशन, एक्स सर्विसमैन का दर्जा, बच्चों के परिवार के लिए मेडिकल सुविधा, शिक्षा समेत अन्य सुविधाएं मिलती थी उन सभी सुविधाओं से अग्निवीर वंचित रहेगा।

### बांग्लादेश के तट से टकराया चक्रवात 'रेमल', आठ लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**ढाका** : चक्रवाती तूफान रेमल ने रविवार रात बांग्लादेश तट पर दस्तक दी और अधिकारियों ने देश के निचले दक्षिण-पश्चिमी तटीय इलाकों से आठ लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। बांग्लादेश के तट पर चक्रवात रेमल के रविवार देर रात तक पहुंचने से पहले, जोखिम वाले इलाकों से 8,00,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मौसम कार्यालय के एक प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा कि चक्रवात ने रात लगभग 8:30 बजे (स्थानीय समय) बांग्लादेश के मोंगला और खेपुपारा तट के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से से होते हुए भारत के पश्चिम बंगाल तट को पार करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि तूफान बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी तटीय इलाकों और पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप से उत्तरी दिशा की ओर बढ़ रहा है तथा ह्यअगले पांच से सात घंटों में इसके समुद्र तट रेखाओं को पार करने की संभावना है। चक्रवाती तूफान के रात 12:00-1:00 बजे के बीच बांग्लादेश को पार करने का अनुमान है, जिसके बाद इसके कमजोर होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने कहा कि माना जाता है कि तूफान से एक युवक की मौत हो गई क्योंकि समुद्री लहरें उसे बहा ले गईं और दक्षिण-पूर्वी पटुआखाली में कई लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, क्षमता से दोगुने, 50 से अधिक यात्रियों से भरी एक नौका तूफान के रास्ते में मोंगला बंदरगाह के पास डूब गई। इसमें सवार लोग सुरक्षित स्थान की ओर भाग रहे थे। हालाँकि, लोगों को बचा लिया गया जिन्हें कुछ चोट आई है। चक्रवाती तूफान के बांग्लादेश तट पर आधी रात तक पहुंचने की संभावना है, जिससे समुद्र में ऊंची लहरें उठने तथा देश के तटीय जिलों सतखीरा और कॉक्स बाजार क्षेत्र में भारी बारिश होने की संभावना है।

### भाजपा 10 वर्षों में कैसे बन गई विश्व की सबसे अमीर पार्टी : प्रियंका गांधी

**धर्मशाला** : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के चंबा और शाहपुर में दो चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। प्रियंका ने सवाल करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर बार-बार बात करने वाली भाजपा पिछले 10 वर्षों में ही विश्व की सबसे अमीर पार्टी कैसे बन गई। कांग्रेस पार्टी भी देश में 55 साल सत्ता में रही, लेकिन उनकी पार्टी कभी इतनी अमीर नहीं बन पाई। प्रियंका ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने चंदे के नाम पर हजारों करोड़ बना डाले। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता को गुमराह कर जिस तरह की राजनीति की है उससे उनका सच जनता के सामने आ रहा है। प्रियंका ने कहा कि यह चुनाव देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। भाजपा ने जिस तरह देश के संविधान और लोकतंत्र का गला घोंटा है वह देश के लिए ठीक नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का धन बल के जरिए देश में सत्ता हासिल करना ही एकमात्र मकसद रह गया है। देश के कई अन्य राज्यों के साथ-साथ हिमाचल में भी भाजपा ने यही कुछ करने का काम किया है। हालांकि यहां वह इस काम में सफल नहीं हो पाए हैं। प्रियंका ने केन्द्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा के कार्यकाल में देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। देश में 30 लाख से अधिक सरकारी पद खाली पड़े हैं, बेरोजगारों की संख्या 70 करोड़ पहुंच गई है। यही नहीं पूर्व यूपीए सरकार के समय बनाया गया वन रैंक वन पेंशन का सारा ढांचा बदलकर पूर्व सैनिकों के साथ अन्याय किया गया है। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आई भयानक आपदा के दौरान ना हिमाचल की मदद की और ना ही यहां के लोगों का दुख दर्द जाना। प्रियंका गांधी ने कहा कि वैसे तो मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर मानते हैं और बताते हैं लेकिन उनकी असलियत आपदा के दौरान सबके सामने आई है। उन्होंने एक बार भी हिमाचल के लोगों का दुख दर्द जानने का कष्ट नहीं उठाया और ना ही वह हिमाचल आए। भाजपा नेताओं ने भी आपदा के दौरान हिमाचल की जनता के लिए कुछ नहीं किया। हालांकि इसके दूसरी ओर हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने दिन रात प्रभावितों की मदद की।

### मप्र के गुना में पुलिया से नीचे गिरा ट्रक चार लोगों की मौत, चार घायल

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के गुना जिले में म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग (एबी रोड) क्रमांक तीन पर सोमवार तड़के एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा। दुर्घटना में ट्रक में सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। म्याना थाना प्रभारी संजीत माबई ने बताया कि हादसा सोमवार तड़के 3.30 बजे म्याना से आधा किलोमीटर दूर हुआ। मिनी ट्रक में छह मजदूरों के अलावा चालक और परिचालक सवार थे। शुरूआती जांच में पता चला है कि चालक को झपकी आने के कारण हादसा हुआ है। ट्रक की रफ्तार तेज होने के कारण वह डिवाइडर को तोड़ते हुए पुलिया से नीचे जा गिरा। हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में मरने वालों की पहचान विष्णु (32) पुत्र रामपाल, मीर (30) पुत्र चोखेलाल, विकास (35) और रंजीत (25) पुत्र नत्थू सिंह के रूप में हुई है। वहीं, परिचालक शाहरुख, चालक अशोक, नवाब समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें गुना के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह** * (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**